आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 15 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-108 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

जल्द पकड़े जाएंगे थूटर : सीएम

रायपुर,15जुलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी में कोयला कारोबारी के कार्यालय पर फायरिंग की घटना में संलिप्त आरोपियों को जल्द पकड़ने का भरोसा दिलाया है. उन्होंने कहा कि जिस मुस्तादी के साथ पिछली बार अमन साहू गैंग के लोगों को पकड़ा था. इस बार भी बहुत जल्दी पुलिस आरोपियों को पकड़ लेगी. जशपुर में आयोजित मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि आज हमारे विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी में मतदाता का अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे हैं. वहीं शनिवार को मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन कर लौटे मुख्यमंत्री साय ने बताया कि अयोध्या में पूरे मंत्रिमंडल के साथ भगवान राम के दर्शन किए. पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए प्रार्थना की. हनुमानगढ़ी में भी दर्शन कर पूजा-अर्चना किए. सरयू नदी भी गए थे, वहां भी पूजा पाठ किया. 7 राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनाव में इंडिया ब्लॉक ने 13 में से 10 सीट में जीत हासिल की है, वहीं भाजपा को दो सीटों पर सफलता मिली है. इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अलग-अलग परिस्थितियां होती हैं. चुनाव में जनता के हाथ में निर्णय होता है. भाजपा का प्रदर्शन समीक्षा का विषय है.

ट्रक-बस की टक्कर में 6 लोगों की मौत

आणंद,15 जुलाई। गुजरात के आणंद के पास अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे पर एक ट्रक और लग्जरी बस की टक्कर हो गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब महाराष्ट्र से राजस्थान जा रही बस को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस सहित आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंचीं। लग्जरी बस महाराष्ट्र से राजस्थान जा रही थी। हादसा सुबह करीब साढ़े चार बजे हुआ। इस हादसे में तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को आणंद जिले के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि दूसरे घायल की भी हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक वह हाईवे के किनारे खड़ी थी तभी राजस्थान जाने वाली बस का टायर पंक्चर हो गया। बस चालक क्लीनर और यात्री बस के बाहर खड़े थे। इसी बीच पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इस भयानक हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हो गये।

युवक की हत्या

भिलाई,15 जुलाई। धमधा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुड़पार में रविवार की शाम को पुरानी रंजिश में एक युवक की दूसरे युवक ने टांगिया से वार कर हत्या कर दी। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। मृतक देवेंद्र साहू पिता मुरारी साहू (33 वर्ष) मुड़पार गांव का ही रहने वाला है। पुलिस ने गांव में ही रहने वाले आरोपी सौरभ साहू (29 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद तनाव की स्थिति को देखते हुए ऐहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है पुरानी रंजिश को लेकर मुड़पार गांव में देवेंद्र साहू और सौरभ साहू रविवार की शाम को आपस में भिड़ गए। पहले दोनों के बीच तू-तू-मैं-मैं हुई। फिर विवाद बढ़ने पर सौरभ साहू ने टांगिया से देवेंद्र साहू पर प्राण घातक हमला कर दिया। जिसके कारण देवेंद्र की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस मामले में धमधा पुलिस ने आरोपी सौरभ साहू को रात में ही हिरासत में ले लिया। वारदात के बाद मृतक और आरोपी परिवार के बीच तनाव की स्थिति बन गई थी। इसे देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है धमधा टीआई पी डी चंद्रा ने बताया कि रविवार शाम को ग्राम मुड़पार में करीब 6.30 बजे देवेंद्र साहू एवं आरोपी सौरभ साहू का एक दूसरे से आमना-सामना हो गया । दोनों ही के मध्य पुरानी रंजिश थी।

5 साल में बस्तर हो जाएगा मलेरिया मुक्त :जायसवाल

रायपुर,15 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति और मौसमी बीमारियों से निपटने की व्यापक तैयारियों का जायजा लेने बीजापुर जिले के लिए रवाना हो गए हैं. इस दौरान उन्होंने बस्तर को मलेरिया मुक्त करने को लेकर बड़ा बयान दिया. स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल कहा कि भाजपा 5 सालों में बस्तर को मलेरिया मुक्त बना देगी. बीजापुर रवानगी से पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पत्रकारों से चर्चा की. इस दौरान उन्होंने बीजापुर प्रवास को लेकर कहा कि मौसमी बीमारियां प्रारंभ हो गई है. बस्तर क्षेत्र के बीजापुर जिले से बीमारी से मौत होने की जानकारी मिली है. वहां जिला अस्पताल में भर्ती लोगों से मुलाकात करेंगे और बस्तर संभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे. स्वास्थ्य विभाग को विपक्ष द्वारा निशाना बनाए जाने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मजबूत विपक्ष की तरह मुद्दे उठाएं. इनके पिछले साल के आंकड़े इस साल से कहीं ज्यादा थे, इनके शासनकाल में मौतें भी ज्यादा हुई हैं. उन्होंने बताया कि जब 2018 में हमारी सरकार थी उस समय छत्तीसगढ़ में 1000 में 11 लोग मलेरिया से प्रभावित होते थे. और 2023 में सत्ता संभालने के समय 1000 में 33 व्यक्ति हो गए. तीन गुना मरीज कांग्रेस कार्यकाल में बढ़े. हम लोगों ने सरगुजा को मलेरिया मुक्त किया. लेकिन बस्तर के कुछ जिले रह गए हैं उन्हें भी जल्द मलेरिया मुक्त करेंगे. पूरे बस्तर को मलेरिया मुक्त करने का पांच सालों में प्रयास रहेगा. मरीजों की मौत मामले में जिम्मदारों पर करवाई को लेकर हेल्थ मिनिस्टर श्यामबिहारी जयसवाल ने कहा कि पहले इसकी जांच करेंगे कि वजह क्या हैं, किस कारण से लोगों की मौत हुई इसका पता लगा जाएगा. वरिष्ठ अधिकारी संज्ञान में लेकर जांच कर रहे हैं. विधानसभा मानसून सत्र में विपक्ष के सवालों के ढेर को लेकर मंत्री जयसवाल ने कहा कि उनका स्वागत है. ज्यादा से ज्यादा मुद्दे लाएं,जो कमी है दिखाएं. जब सशक्त विपक्ष होगा, तब लोकतंत्र की खूबसूरती है.

तीन बाइक की आपस में टक्कर, तीन घायल

कोरबा,15 जुलाई। निर्माणाधीन एनएच 149 बी में तीन बाइक आपस में टकरा गए, जिसमें दो पुरूष सहित एक महिला घायल हो गई, जिनको डॉयल 112 और एम्बुलेंस की मदद से स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। ज्ञात हो कि चाम्पा से कटघोरा के बीच एनएच 149 बी का निर्माण कार्य पिछले कई वर्षों से चल रहा है, जिसका पूर्ण निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है। निर्माणाधीन होने की वजह से कई जगहों पर आने जाने के लिए एक तरफ के ही मार्ग का प्रयोग करना पड़ता है, जिसकी वजह से अक्सर लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है। ऐसा ही एक हादसा अभी कुछ देर पहले बरपाली और सरगबुंदिया के बीच एनएच में हुआ है। जिसमें बरपाली निवासी रामायण सिंह कैवर्त अपने बाइक से ड्यूटी जा रहा था, तभी सामने की ओर से तिलकेजा निवासी एक व्यक्ति भी अपने बाइक से आ रहा था। दोनों की बाइक आपस में टकरा गई। तभी कोरबा की ओर से आ रहे। एक बाइक में अपने पुत्र के साथ महिला सवार थी।

जजों को अब नौकरी छोड़ने के 3 महीने पहले देनी होगी सूचना

बिलासपुर,15 जुलाई। छत्तीसगढ़ के विभिन्न न्यायालयों में कार्यरत जजों के लिए विधि विधायी विभाग ने नया नियम लागू कर दिया है। त्यागपत्र देने के तीन पहले विधि विधायी विभाग को इस संबंध में सूचना देनी होगी। किसी कारणवश तय समयावधि में सूचना नहीं दे पाए तो ऐसी स्थिति में तीन महीने का वेतन सरेंडर करना होगा। नए नियम को तत्काल प्रभाव से छत्तीसगढ़ में लागू कर दिया है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 व 309 में दी गई शक्तियों का उपयोग करते हुए विधि विधायी विभाग ने छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम, 2006 में दी गई पूर्व की व्यवस्था में जरुरी संशोधन कर दिया है। संशोधन आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में पदस्थ अगर इस्तीफा देने का मन बनाते हैं तो उनको तीन महीने पहले इसकी सूचना विभाग को देनी होगी। सूचना देना जरुरी नहीं समझते हैं तो इस्तीफा स्वीकार होने से पहले तीन महीने का वेतन जमा करना होगा। पूर्व में यह व्यवस्था एक महीने पहले सूचना या फिर एक महीने का वेतन सरेंडर करने की शर्त रखी गई थी। संविधान के अनुच्छेद 233 व 309 के नियम 12 उप नियम (पांच) में कुछ इस तरह की व्यवस्था थी। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल,छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट व राज्य लोक सेवा आयोग के परामर्श और दिए गए सलाह के आधार पर विधि विधायी ने जरुरी संशोधन किया है। विधि विधायी विभाग ने एक और संशोधन कर सिविल जज परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए विधि में स्नातक की डिग्री के साथ ही राज्य अधिवक्ता परिषद में पंजीयन को अनिवार्य कर दिया है। संशोधन के साथ ही राज्यपाल के अनुमोदन व आदेश के बाद विधि विधायी विभाग के अतिरिक्त सचिव सहाबुद्दीन कुरैशी ने छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित कर दिया है।

विधि विधायी विभाग ने विधि के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण बदलाव किया है। सिविल जज प्रारंभिक परीक्षा के पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान को शामिल किया है। इसे शामिल करने का लाभ स्थानीय युवाओं को मिलेगा। प्रदेश से संबंधित सवालों के जवाब स्थानीय युवा जो सिविल जज की परीक्षा दिलाने की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए फायदेमंद होगा। विधि विधायी विभाग के इस बदलाव को स्थानीय युवाओं के लिए बोनस अंक के रूप में देखा जा रहा है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 व अनुच्छेद 309 के द्वारा दी गई शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, हाई कोर्ट व राज्य लोक सेवा आयोग के परामर्श से छत्तीसगढ़ उच्चतर न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा भर्ती शर्तें) नियम 2006 में जरुरी संशोधन किया गया है। राजपत्र में इसका प्रकाशन कर दिया गया है।

अभी भी मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है: रोहित

नई दिल्ली,15जुलाई। हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने के बाद, भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने लंबे प्रारूपों में अपने भविष्य के बारे में खुल कर बात की है। रोहित ने पिछले महीने भारत को टी20 विश्व कप 2024 का खिताब दिलाया था। इसके कुछ ही घंटों बाद उन्होंने खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी। डलास में ड्यूरिना के हालिया कार्यक्रम में रोहित से उनके खेल के भविष्य के बारे में पूछा गया। जबकि रोहित ने कहा कि वह उन लोगों में से नहीं हैं जो बहुत आगे के बारे में सोचते हैं, भारतीय कप्तान ने जोर देकर कहा कि उनके पास अभी भी देने के लिए बहुत कुछ है।



रोहित ने एक कार्यक्रम में कहा, मैंने अभी कहा। मैं इतना आगे नहीं बढ़ता। तो जाहिर है, आप मुझे कुछ समय तक खेलते हुए देखेंगे। 159 मैचों में 4231 रनों के साथ, रोहित इस प्रारूप के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक शतक (पांच) का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। उन्होंने दो टी20 विश्व कप जीते हैं- पहला 2007 में प्रतिस्पर्धा करते हुए और वर्तमान 2024 में कप्तान के रूप में। भारत के टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित और विराट दोनों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ने का फैसला किया। भारत के पास अब सबसे छोटे प्रारूप में नया कप्तान होगा, लेकिन रोहित वनडे और टेस्ट में नेतृत्व जारी रखेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल भारतीय टीम के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का आखिरी मैच भी था।

विदेशी ताकतों ने पहुंचाया बीजेपी को नुकसान: शिवराज

नई दिल्ली,15 जुलाई। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक ऐसा बयान दिया है जिससे सियासी हलचल मची हुई है। दरअसल, राजस्थान में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि विपक्ष के बीच कुछ विदेशी हाथ सक्रिय हैं, जो नहीं चाहते कि भाजपा किसी भी तरह चुनाव जीते। जयपुर में राज्य भाजपा कार्यसमिति की बैठक में बोलते हुए, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा हमारे विरोधी - जिस में ये सच है कि विदेशी ताकतें भी शामिल हैं - ये हमारे देश में कैसे भी बीजेपी की सरकार ना रहे इसकी कोशिश करते है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि जिस तेजी से भारत बढ़ रहा है, ये हमारे विरोधियों को रास नहीं आ रहा है। उन्होंने दावा किया कि कई ताकतें किसी भी कीमत पर बीजेपी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही हैं। हमें उनसे सावधान रहने की जरूरत है। विपक्षी कांग्रेस को झूठ बोलने की मशीन बताते हुए चौहान ने तर्क दिया कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ा क्योंकि तब कुछ शक्तियों ने हस्तक्षेप किया था। बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में अपने संबोधन में शिवराज ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कथित तौर पर यह दावा करने के लिए कि हिंदू बहुत हिंसक हैं, राहुल गांधी की आलोचना की। उन्होंने तर्क दिया कि यह बचकानी मानसिकता को दर्शाता है। चौहान ने दावा किया कि विदेश में बैठी कुछ विदेशी ताकतें जिनके हितों को ईमानदार नीतियों के कारण नुकसान हो रहा है, वे उत्सुक हैं कि पुरानी सरकार जैसी सरकार बने। राजस्थान चुनाव प्रभारी विनय सहस्रबुद्धे ने चौहान की बात दोहराई और कहा कि यह उन कारकों में से एक हो सकता है जिसके कारण 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटों की संख्या में कमी आई। 4 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद यह पहली राज्य कार्यसमिति की बैठक थी। बैठक में लगभग 8000 भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। राज्य की कुल 25 में से 11 सीटों की हार का विश्लेषण करते हुए, सहस्रबुद्दी ने कहा कि पार्टी को लोकसभा में लगभग 65 सीटों का नुकसान हुआ है।

अब धमकी देने पर उतारू पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड

नई दिल्ली,15 जुलाई। पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सभी मैच पाकिस्तान में आयोजित करने के अपने रुख पर अडिग रहने का फैसला किया है। पीसीबी का मानना है कि यह टूर्नामेंट पाकिस्तान में है। इसलिए इसका पूरा आयोजन यहीं होना चाहिए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड कोलंबो में 19-22 जुलाई तक होने वाले आईसीसी की वार्षिक बैठक में अपना रुख स्पष्ट करेगा। कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी खेलने पाकिस्तान नहीं जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ICC से वेन्यू बदलने की मांग की है। BCCI ने एशिया कप 2023 की तरह हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट का आयोजन कराने का आग्रह किया है।

चैंपियंस ट्रॉफी के मैच कराची, रावलपिंडी और लाहौर में खेले जाएंगे, जिसमें भारत के सभी मैच लाहौर में होंगे। पीसीबी ने तीन स्टेडियमों के अपग्रेडेशन के लिए 12.80 अरब रुपये आवंटित किए हैं। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम, कराची के नेशनल बैंक क्रिकेट एरिना और रावलपिंडी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को टूर्नामेंट से पहले हाईटेक बनाया जाएगा।

भारत को छोड़कर चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने वाली सभी 8 टीमें पहले ही पाकिस्तान में खेल चुकी हैं। पीसीबी का मानना है कि टीम इंडिया के पास यहां न आने का कोई ठोस कारण नहीं है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अगर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी खेलने नहीं आती है, तो पाकिस्तान टी20 विश्व कप 2026 खेलने भारत नहीं जाएगा।

शिक्षा विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी से 80 लाख रुपये की ठगी

बिलासपुर,15 जुलाई। शिक्षा विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी से 80 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. शातिर ठगों ने इन्वेस्टमेंट से लाभ दिलाने का झांसा देकर रिटायर्ड कर्मचारी को लाखों का चुना लगाया है. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है. यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मंगला बाजपेयी कैसल निवासी शिक्षा विभाग केरिटायर्ड कर्मचारी विरेन्द्र कुमार देवांगन साइबर थाने में शिकायत की है कि 2 मई 2023 की सुबह उनके मोबाइल में दो अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया. जिसमें फोन करने वाले ने उन्हें खुद को मैस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी हैदराबाद का सीईओ व मैनेजर बताते हुए कहा आपने इस बीमा कंपनी में इन्वेस्ट किया है. उसको एजेंट ने द्वारा इक्विटी फंड में डाल दिया है. इससे आपको बहुत नुकसान हो रहा है और उसका फायदा एजेंट उठा रहा है. लाभ की राशि एजेंट के खाते में जा रही है, कोड हटाने पर लाभांश की राशि कंपनी से सीधे आपको मिलती रहेगी. उन्हें एजेंट का कोड हटाने का चार्ज 22 हजार 700 रुपये बताया गया. उनकी बातों में आकर विरेन्द्र देवांगन ने फोन पे के माध्यम से 22 हजार 700 रुपये ट्रांसफर कर दिया. उसके बाद जीएसटी चार्ज, टीडीएस चार्ज, सर्विस चार्ज, बैंक का ओवर चार्ज, एनओसी के नाम पर अलग अलग बैंक खातें में 79 लाख 85 हजार 912 रुपये आनलाइन जमा कराकर ठगी कर ली गई. पैसा वापस नहीं मिलने पर उन्हें आनलाइन ठगी होने का अहसास हुआ. इसके बाद में थाने पहुंचे, पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ 420, 66 डी, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पतासाजी की जा रही है.

राजिम में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली

राजिम,15 जुलाई। राजिम थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, राजिम पुलिस को रात में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पंचायत बारोंडा श्याम नगर के आसपास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश देखी गई है। बता दें कि अज्ञात व्यक्ति की मौत का कारण एक्सीडेंट माना जा रहा है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, जिससे पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

महाप्रभु ने बचाई ट्रंप की जान

वाशिंगटन,15 जुलाई। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर फायरिंग हुई। दावा है कि इस हमले में ट्रंप की जान बचने और भगवान जगन्नाथ की यात्रा के पीछे कनेक्शन है। लगभग 48 साल पहले की बात है। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) न्यूयॉर्क शहर में पहली रथ यात्रा आयोजित करने की योजना बना रहा था, लेकिन इसमें चुनौतियां बहुत अधिक थीं। फिफ्थ एवेन्यू में परेड परमिट मिलना तो किसी चमत्कार से कम नहीं था। एक विशाल खाली जगह ढूंढना जहां रथों का निर्माण किया जा सके, ये तो कतई भी आसान नहीं रहने वाला था। हर संभव व्यक्ति के दरवाजे खटखटाए गए, लेकिन सभी जगह से निराश ही हाथ लगी। ये वो दौर था जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कृष्ण भक्तों के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आए।

तलाकशुदा महिलाओं के भरण-पोषण का मामला

मुस्लिम बोर्ड को सुप्रीम कोर्ट का फैसला मंजूर नहीं

नई दिल्ली,15 जुलाई। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रविवार को नई दिल्ली में एक बेहद अहम बैठक की. प्रेसीडेंट हजरत मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बोर्ड ने निर्णय लिया कि मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं के भरण-पोषण पर शीर्ष अदालत का हालिया फैसला इस्लामी कानून (शरीयत) के खिलाफ था. मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने पवित्र कुरान के अनुसार निकाह को जारी रखने के महत्व पर जोर दिया. साथ ही कहा कि तलाक के बाद पुरुषों को पूर्व पत्नियों को बनाए रखने के लिए मजबूर करना अव्यावहारिक है.

मौलाना मुहम्मद फजलुर्रहीम मुजादीदी ने बैठक की कार्रवाई का संचालन किया, जिसमें देश भर से प्रतिनिधियों ने भाग लिया. मुस्लिम पर्सनल बोर्ड ने अपने अध्यक्ष को यह अधिकार दिया कि वह इस फैसले को वापस कराने के लिए कोई भी कदम उठा सकते हैं. ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वर्किंग कमेटी ने इस बात पर जोर दिया है कि पैगंबर ने उल्लेख किया था कि सभी संभावित कर्मों में से अल्लाह की दृष्टि में सबसे घृणित तलाक है. इसलिए हर कोशिश करके शादी को जारी रखना ही उचित है. बोर्ड ने आगे कहा कि अगर इसके बावजूद शादी को बरकरार रखना मुश्किल हो जाता है तो इंसानियत की भलाई के लिए तलाक का उपाय बताया गया है. मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा कि यह फैसला उन मुस्लिम महिलाओं के लिए मुश्किल खड़ी करेगा, जो अपने दर्दभरे रिश्ते से सफलतापूर्वक बाहर आ चुकी हैं. बोर्ड ने जोर देकर कहा कि यह मानवीय तर्क के साथ अच्छा नहीं है कि तलाक हो जाने के बाद भी व्यक्ति को पूर्व पत्नियों की जिम्मेदारी उठाने के लिए कहा जा रहा है. बोर्ड ने अपने प्रेसीडेंट को यह अधिकार दिया कि वह सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को वापस करने के लिए कोई भी कदम उठा सकते हैं. इसके लिए वह कानूनी, संवैधानिक या लोकतांत्रिक, कोई भी रास्ता अख्तियार कर सकते हैं. बोर्ड ने यह भी कहा कि वह इस मामले को लेकर केंद्र सरकार और विपक्ष से बात करेगी. इसके अलावा बोर्ड ने ष्ट्ष पर भी अपनी राय जाहिर की. बोर्ड ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को चुनौती देने का संकल्प लिया और अपनी कानूनी समिति को एक याचिका दायर करने का

विंबल्डन ओपन चैंपियनशिप 2024 : कार्लोस अल्कारेज बने पुरुष एकल विजेता

jasclaudius@gmail.com

टेनिस जगत में नये सितारे का हुआ उदय

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

टेनिस के खेल में प्रतिभाओं की कभी कमी नहीं रही। पुरुष हो या महिलावर्ग के सभी में एक निश्चित अवधि के बाद वर्तमान सितारे पुराने हो जाते हैं और प्रतिभाशाली सितारे उभरकर आ जाते हैं। इन दिनों टेनिस के महिला वर्ग में जबरदस्त उलटफेर चल रहा है। 2012 से विंबल्डन में महिला एकल का खिताब क्रमशः 2012 में सेरेना विलियम्स, यूएस, 2013 में मारिओन बारटोली फ्रांस, 2014 में पेट्रा क्वीटोवा चेकगणराज्य, 2015, 2016 में सेरेना विलियम्स लगातार दो बार, 2017 में गारबिन मुगुरुआ स्पेन, 2018 में अंजेलिक कारबेर जर्मनी, 2019 में सिमोना हालेप रोमानिया, 2020 में कोविड की वजह से स्पर्धा नहीं हुई। 2021 में अशलेग बार्टी आस्ट्रेलिया, 2022 में इलेना रिबाकीना कजाकिस्तान, 2023 में मारकेटा वोंड्रोसोवा, 2024 में बारबोरा क्रेजीकोवा ने जीता इस तरह महिला वर्ग में पिछले 13 वर्षों में 10 महिला खिलाड़ियों ने विंबल्डन एकल स्पर्धा को अपने नाम किया। दूसरी तरफ पुरुष वर्ग में 2003 से देखे तो सिर्फ 5 खिलाड़ियों ने विंबल्डन एकल पुरुष टाइटिल को अपने नाम किया है। इनमें रोजर फेडरर ने 2003, 04, 05, 06, 07, 09, 2012, 2017 में आठ बार, राफेल नडाल ने सिर्फ एक बार 2008 में, नोवोक जोकोविच ने सात बार 2011, 14, 15, 18, 19, 2021, 2022 में कब्जा जमाया। इसी तरह एंडी मरे ने दो बार 2013, 16 में जबकि अभी-अभी बड़ी तेजी से उभरते हुए युवा खिलाड़ी स्पेन के कोर्लोस अल्कारेस ने लगातार दो बार 2023, 24 में विंबल्डन एकल टाइटिल को अपने नाम करके यह साबित कर दिया है कि वे टेनिस के पुरुष वर्ग में नये जगमगाते सितारे हैं। इस तरह हम कह सकते हैं कि रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाका जोकविच के तिकड़ी की चमक टिमटिमाने लगी है। लगभग 20 वर्षों तक टेनिस जगत के पुरुष एकल में राज करने वाले तीनों खिलाड़ी जिनमें से रोजर फेडरर ने सन्यास ले लिया है जबकि दो अन्य राफेल नडाल तथा नोवाक जोकोविच के लिए अब ग्रेड स्लेम अर्थात यूएस, आस्ट्रेलियाई, फ्रेंच ओपन या विंबल्डन टाइटिल जीतना बहुत कठिन हो गया है। महिला वर्ग में जिस तरह ओपन एरा में बिली जिनकिंग, क्रिस एवर्ट लायड, मार्टिना नवरतिलोवा, स्टेफी ग्राफ, विनस, सेरेना विलियम्स का जमाना था फिर महिला वर्ग में नहीं रहा लगभग यही स्थिति अब पुरुष वर्ग में होने जा रहा है। लगता है विंबल्डन ओपन के पुरुष एकल में आज कार्लोस अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में काफी अध्ययन करके आये थे और उन्होंने मैदान के बाहर अपने कोच, मैनेजर के साथ मिलकर जोकोविच को धूल चटाने की जो रणनीति बनाई थी ठीक उसी गेम प्लान को कार्लोस ने कोर्ट में लागू किया, वे सफल रहे। वैसे भी आज जोकोविच अपने वास्तविक खेल को नहीं दिखा सके नेट के पास खेली गई गेंद और ड्राप शाट को आज अपने विपक्षी कार्लोस के कोर्ट में रिटर्न करने में कई बार असफल रहे। सिर्फ तीन ग्रेंड स्लेम टाइटिल जीत चुके 21 वर्षीय कार्लोस ने आज 23 ग्रेंड स्लेम जीत चुके 37 वर्षीय जोकोविच को खेल के हर क्षेत्र में चाहे सर्विस हो, फोरहैंड या बैंक हैंड रिटर्न हो सभी में बुरी तरह मात दी। सेंटर कोर्ट में उपस्थित उन दर्शकों को जिन्होंने इसके पहले जोकोविच का खेल देखा था उन्हें निराशा हाथ लगी। टेनिस के पुरुष वर्ग में विश्व वरीयता क्रम में जहां जोकोविच को दूसरा स्थान प्राप्त है वहीं कार्लोस अल्कारेज अब तीसरी जगह पर आ गए हैं। विश्व में एक नंबर पर अभी भी 22 वर्षीय जानिक सिनर, चौथी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर जेवेरेव, पांचवी वरीयता प्राप्त डेनिल मेदवेदेव तथा 25 वर्षीय 6वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनाउर आने वाले समय के टेनिस सितारे होंगे। टेनिस की महिला एकल में जो उथलपुथल मची हुई है वह थमने का नाम नहीं ले रही है क्योंकि महिला खिलाड़ी अपने खेल पर नियंत्रण नहीं रख पा रही हैं। पुरुष वर्ग में खिलाड़ी कही अधिक तन्मयता तथा सूझबूझ के साथ कोर्ट में अपना प्रदर्शन कर रहे हैं। दुनिया के 147 वर्ष सबसे पुराने विंबल्डन चैंपियनशिप की लोकप्रियता निरंतर बनी हुई है तथा इसमें सफलता प्राप्त कर लेना याने एवरेस्ट को फतह कर लेने से कम नहीं है।

मेरठ कोर्ट में पेश हुए पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,15 जुलाई। शराब घोटाला मामले के आरोपी पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को यूपी पुलिस ने मेरठ कोर्ट में पेश किया. बता दें कि नकली होलोग्राम बनाने के मामले पर ट्रांजिट वारंट पर आरोपी अनिल टूटेजा को पुलिस यूपी लेकर पहुंची है. कोर्ट में पेशी के बाद वापस केंद्रीय जेल रायपुर में लाकर सुपुर्द करेगी. बता दें कि यूपी पुलिस ने अनिल टुटेजा के प्रोडक्शन वारंट का आवेदन लगाया था, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया था. नकली होलोग्राम बनाने के मामले में अनिल टुटेजा के खिलाफ भी उत्तरप्रदेश में अपराध दर्ज है. इससे पहले मामले में यूपी पुलिस ने अनवर ढेबर और पूर्व विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी की गिरफ्तारी की है. जुलाई 2023 में नकली होलोग्राम मामले में श्ष्ठ के डिप्टी डायरेक्टर ने नोएडा के कासना थाने में स्न्ढ्ढक्रदर्ज कराई थी. 3 मई को यूपी स्न्रब्ज ने प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक विधु गुप्ता को गिरफ्तार किया था. पूछताछ में गुप्ता ने अनवर और अरुणपति का नाम लिया था. एफआईआर के अनुसार, छत्तीसगढ़ के एक्साइज डिपार्टमेंट ने अवैध रूप से प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्रालि को टेंडर दिया था. कंपनी के मालिकों की मिलीभगत से निविदा शर्तों को संशोधित किया गया और अवैध रूप से निविदा आवंटित की गई. बदले में कमीशन लिया गया और डुप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई छत्तीसगढ़ सक्रिय गैंग को की गई.

एक नजर

लूटपाट के चार आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 15 जुलाई। भिलाई उतई थाना क्षेत्र सेल्समेन का रास्ता रोककर लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को उतई पुलिस ने गिरफ्तार किया है उतई टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि रूपेश कुमार देशलहरे (23 वर्ष) चोला मण्डलम कंपनी के ऑफिस में दो पहिया वाहन सेल्समेन का काम करता है उसने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 जुलाई को अपने मोटर साइकिल से रानीतराई एवं जामगांव (एम) गया था जहां से अपना काम कर वापस अपने निवास तालपुरी आ रहा था ग्राम- पंचायत महकाखुर्द के पास पहुंचा था तभी रात 11.30 बजे के बीच 2 मोटर साइकिल में 4 लोग अचानक तेजी से आकर प्रार्थी के मोटर साइकिल के सामने खड़े कर उनमें से एक लड़का उतरकर प्रार्थी के पास आकर कहा कि जितना पैसा मोबाईल है हमें दे दो नहीं तो जान से खत्म कर देगें। उनकी धमकी से प्रार्थी डर गया। इसके बाद चारों लड़के प्रार्थी को पकड़कर मोबाइल, पर्स में रखे नगद 10 हजार रुपए, आधार कार्ड यूकों बैंक और ओवरसीज बैंक का एटीएम एवं चोला मण्डलम बिजनेस सेल्स लिमिटेड के विजिटिंग कार्ड को लूट लिए। घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। आरोपियों की तलाश के दौरान सूत्रों से ग्राम महकाखुर्द में लूट की वारदात करने वाले आरोपियों के संबंध में जानकारी मिली। पुलिस ने संदेहियों के निवास चरोदा में घेराबंदी कर युवराज शिवारे (19 वर्ष) निवासी दादर रोड भटठी के पास चरोदा, मुकुल कुमार यादव (19 वर्ष) निवासी चरोदा बस्ती एवं अन्य 02 किशोर को पकड़कर पूछताछ करने पर चारों ने अपराध करना स्वीकार किया ।

20 किग्रा गांजा बरामद

भिलाई, 15 जुलाई। एक बार फिर एसीसीयू और कुम्हारी की संयुक्त पुलिस की टीम ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को दबोचा है। पुलिस ने ओडिशा पुलिस के एएसआई समेत दो आरोपियों को गिरफ्तारकर 20 किग्रा गांजा बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया गया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि वाहन क्रमांक ओडी-17-एए-5980 का चालक रविन्द्र भुक्ता अपने वाहन में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के लिए कुम्हारी से भिलाई की ओर आ रहा है सूचना पर टीम ने स्टेशन चौक कुम्हारी में नाकेबंदी की कुम्हारी से अहिवारा रोड की ओर पीछाकर वाहन टाटा ट्रक क्रमांक ओडी-17-एए-5980 को महेश इस्पात के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ करने पर चालक सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम गगन आनंद मेहर (42 साल) बताया वाहन की तलाशी लेने पर चालक के केबिन में 20 किग्रा गांजा जब्त किया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों में गगन आनंदा ओडिशा पुलिस में सहायक उपनिरीक्षक है। गगन ही पुलिस का रौब दिखाकर ड्राइवर की केबिन में गांजे की खेप को रखकर लाया था कुम्हारी टीआई जनकराम कुर्रे ने बताया कि थाना पुलिस की पूछताछ में आरोपी पुलिस कर्मी गगन आनंद ने बताया कि वह इससे पहले भी जिले में आ चुका है हालांकि उस दौरान गांजा सप्लाई नहीं किया।

गांजा परिवहन करते युवक गिरफ्तार

भिलाई, 15 जुलाई। भिलाई नेवई थाना क्षेत्र गांजा का अवैध परिवहन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है मरोदा में बैग में गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहा था आरोपी नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बीआरपी चौक मौहारी मरौदा में काले रंग का बैग में नशे का सामान लेकर दुर्ग जाने के युवक बस का इंतजार कर रहा था नेवई युवक को उसे घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम वार्ड 14 सड़क 3 कृपाल नगर कोहका निवासी रोशन स्टारली होना बताया युवक के बैग की तलाशी लेने पर 3.552 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया जिसकी कीमत 24 हजार 500 रुपए आंकी गई है ।

निगम ने आवासीय कालोनी ऋषभ ग्रीन सिटी में मनाया जल मड़ाई

दुर्ग, 15 जुलाई। नगर पालिक निगम।राज्य शासन के आदेशानुसार अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर चल रहा कैच द रेन अभियान तेज गति से आगे बढ़ रहा है।दिन-प्रतिदिन पृथ्वी के नीचे का जल स्तर घटते जा रहा है, उसको रोकने के लिए नगर निगम द्वारा आवासीय कालोनियो में कैच द रेन का अभियान छेड़ रखा है।जल ही जीवन है. इसे बचाने के लिए नगर निगम द्वारा अभियान चला रहा है. इसके तहत सोसायटी में जाकर लोगों को पानी के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत ऋषभ ग्रीन सिटी में कालोनी वासियों के साथ आयुक्त लोकेश चन्द्राकर सहित अफसरों ने वृक्षा रोपण किया।

कबीरधाम जिला में विद्युत व्यवस्था सुधारने 341 करोड़ रुपए का प्रावधान: शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 15 जुलाई। विगत कुछ समय से जिले में विद्युत व्यवस्था बाधित होने की विभिन्न प्रकार की शिकायतें ट्रांसफार्मर खराब होना ,बारंबार विद्युत आपूर्ति बाधित होना, खंबे तथा तारो का टूट जाना ,जिसके चलते अनेक बार खासकर बारिश के मौसम में जन धन की हानि हो जाती थी । उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से जल्द ही जिले वासियों को इस समस्या से स्थायी निजाद मिलने वाला है । जिले में विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्य निष्पादन करने के लिए सी एस पी डी सी एल के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए है । जिले में 341 करोड़ रुपये के लागत से 1905 किमी 11 द्य। लाईन तथा 3245 नए ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाएगी ।कबीरधाम जिले की विद्युत व्यवस्था खराब स्थिति के सुधार पर किए जाने वाले प्रयासों के संदर्भ में कवर्धा विधायक तथा छत्तीसगढ़ शासन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया जिले में विद्युत व्यवस्था को लेकर अनेक प्रकार की शिकायत आ रही थी इसके स्थाई समाधान की दिशा में आगे बढ़ते हुए कबीर धाम जिले में विद्युत व्यवस्था सुधार किए जाने के लिए आर डी एस योजना के तहत 341 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है ।उक्त राशि से कबीरधाम जिले के घरेलू फीडर से कृषि पंप फीडर को

पृथक किए जाने हेतु 119 फीडर और 3245 ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया जाना है ताकि कृषकों को निर्बाध सिंचाई की सुविधा मुहैया हो सके और घरेलू विद्युत की कटौती न हो।इस कार्य को पूर्ण करने के लिए 1905 किलोमीटर 11 द्य। लाइन तथा 3245 नए ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में 667 ग्रामों में खुले तारों को बदलकर ड्रुड केवल लगाया जाना है जो लगभग 4000 किलोमीटर से ज्यादा होगा ताकि सुरक्षित विद्युत सप्लाई सुनिश्चित हो। इसके साथ ही वितरण ट्रांसफार्मर में 4045 नग नये डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स लगेंगे उक्त कार्य पूर्ण होने पर लो वोल्टेज की समस्या दूर होगी एवं तेज आंधी तूफान बारिश के कारण खुले तार के टूटने से जान माल की होने वाली क्षति भी नहीं होगी। उक्त समस्त कार्यो के निष्पादन की समय सीमा जुलाई 2025 निश्चित है। राज्य सरकार उक्त कार्य को तेजी से करने के हेतु प्रतिबद्ध है। कार्य के शीघ्र निष्पादन हेतु सी. एस.पी.डी.सी.एल के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें समुचित निर्देश दिए गए हैं खाबो के स्थापना की प्रक्रिया सार्वजनिक करते हुए कार्य स्थलों पर विवरण तथा चित्र के माध्यम से आदर्श जाने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि जन सामान्य ठेके द्वारा द्वारा उक्त भीम का पालन न किए जाने की दशा में उच्च अधिकारियों को शिकायत कर सके और जिससे खंबे झुकना और तार टूटने की घटनाएं न्यूनतम घटित हो यह सुनिश्चित किया जा सके । उन्होंने कहा लम्बे समय से विद्युत सप्लाई निर्बाध हो इसके लिए वृहत योजना की आवश्यक्ता थी जल्द ही इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद जन मानस को विद्युत सप्लाई को लेकर बड़ी राहत मिलेगी ।

कर्बला के शहीदों की याद में तकरीर, लंगर व फातिहा ख्वानी का सिलसिला जारी

भिलाई, 15 जुलाई। कर्बला के शहीदों की याद में 10 रोज तक तकरीर, लंगर व फातिहा ख्वानी का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में पैगंबर हजरत मुहम्मद के वंशज आले नबी औलादे अली फर्जंद ए गौसे आजम हुजूर हजरत सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी 15 जुलाई को भिलाई पहुंच रहे हैं। अंजुमन हुसैनिया कमेटी खुर्सीपार के सदर हुसैन अली अशरफी ने बताया कि हजरत आलमगीर दोपहर 2 बजे भिलाई पहुंचकर शाम के वक्त मगरिब की नमाज जामा मस्जिद सेक्टर-6 में पढ़ाएंगे। यहां सैयद आलमगीर कर्बला के शहीदों के वाकयात बयान करेंगे। इसके बाद रात 9.30 बजे इलाहाबादी पंचायती ताजिया इमामबाड़ा सड़क 20 जोन--1 खुर्सीपार भिलाई में जिक्र-ए-शोहदाए कर्बला में शामिल होंगे। यहां हजरत आलमगीर के हाथों समाज में विशिष्ट योगदान देने वाली शख्सियतों का सम्मान किया जाएगा। उसके बाद रात 12 बजे इमामबाड़ा पर इमाम हसन की चौकी की फातिहा होगी। उन्होंने बताया कि 10 मोहर्रम तक रोजाना सुबह 8 बजे से 10 बजे तक कुरआन ख्वानी जारी है। वहीं रात में तकरीर के बाद रोजाना लंगर में बड़ी तादाद में लोग शामिल हो रहे हैं।

12 अगस्त को पाटन से निकलेगी बोल बम कांवर यात्रा,बोल बम के जयकारे से गूंजेगा पूरा क्षेत्र

उतई, 15 जुलाई। बोल बम कांवर यात्रा समिति की बैठक रेस्ट हॉउस पाटन में बोल बम कांवर यात्रा के संयोजक जीतेंद्र वर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में कांवर यात्रा की तिथि और आगामी कार्ययोजना को लेकर कार्यक्रम तय की गई। इस वर्ष कांवर यात्रा का आयोजन 12 अगस्त 2024 को किया जाएगा।कांवर यात्रा के संयोजक जितेंद्र वर्मा ने बताया कि इस वर्ष सर्वसम्मति से विभिन्न योजना बनाया गया है, कार्यक्रम को और भव्य बनाने के लिए सभी ने संकल्प लिया। बैठक में पाटन क्षेत्र के गांव-गांव से नागरिक आए हुए थे। विगत वर्ष कांवर यात्रा में पहुंचें श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इस बार भी व्यापाक तैयारी की योजना बनाई गई है। इस वर्ष यात्रा को विगत वर्ष से और भी भव्य बनाया जाएगा।जितेंद्र वर्मा संयोजक ने आगे कहा कि हर हर महादेव के जयघोष के साथ कांवर यात्रा का शुभारंभ सिद्देश्वर महादेव ओगर तालाब में रुद्राभिषेक के बाद ठाकुराइन टोला के लिए रवाना होगा। बोल बम कांवर यात्रा में विशाल जन सहभागिता हो इसके लिए सभी को गांव-गांव में प्रचार

प्रसार की जिम्मेदारी दी गई हैं। बैठक में कांवर यात्रा को भव्य रुप देने व सफल आयोजन के लिए सभी से सुझाव प्राप्त कर रुपरेखा बनाई गयी।बैठक में बोल बम कांवर यात्रा पाटन क्षेत्र के पदाधिकारी दिलीप साहू, विक्रम निषाद बिलासपुर ,योगेश निक्की भाले, नारद सेन, विनोद साहू, दामोदर चक्रधारी, लोकमणि चन्द्राकर, नेतराम निषाद, निशा सोनी,डेरहा वर्मा,केशव बंछेर, केवल देवांगन, सागर सोनी, कुणाल शर्मा, नोहर साहू, प्रवीण मढ़रिया, युवराज बया, वासु वर्मा, माधव वर्मा,राम जी वर्मा तिल्दा नेवरा,मिलन देवांगन,पूणेंद्र सिन्हा,नीलेश वर्मा, जलज वर्मा, अनुपम साहू,संजू वर्मा,पुष्कर साहू,गोरेलाल श्रीवास,रोशन वर्मा,महेश लहरी,पालू साहू,ईश्वर यदु, अश्वनी यदु,गोकुल वर्मा,मनोज वर्मा,राजेन्द्र साहू,अमित वर्मा,कुणाल महिलांगे, गोपीचंद धरमगुड़ी,जीवन कोसरे, योगेश सोनी, रानी बंछोर, सीता देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, हरप्रसाद आडिल,द्रोण चन्द्राकर,मनेंद्र वैष्णव,अजय वैष्णव,डॉ. जीतु,गोकुल वर्मा ,सुनील वर्मा,संतोष शर्मा,समीर बन्छोर,योगेंद्र शुक्ला, महेंद्र कुंभकार आदित्य सावर्णि, विक्रम निषाद, चोवाराम वर्मा,अजय वैष्णव सहित पदाधिकारी, सदस्य व सैकड़ों शिवभक्त उपस्थित थे।

जनसमस्या निवारण शिविर में होगा आमजनों की समस्या-शिकायतों का समाधान

दुर्ग, 15 जुलाई। नगर पालिक निगम।छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन एवं जनशिकायत निवारण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन के आदेशा नुसार किसी तरह की समस्या होने पर नागरिकों को लंबी दूरी तय कर निगम कार्यालय आने की जरूरत नहीं होगी।सुविधा और समस्याओं का निराकरण करने अधिकारी वार्ड के निर्धारित स्थान तक पहुंचेंगे।शासन के आदेश के बाद कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।शिविर अलग-अलग तथियों में वार्डवार लगाया जाएगा। शिविर स्थल पर नोडल अधिकारी,सहायक नोडल अधिकारी एवं शिविरों के प्रभारी अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहेंगे.16 जुलाई की शिविर के सफल कियान्वयन के लिए उपायुक्त मोहेंद्र साहू को नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नेताम सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है. शिविर में खास बात

आंगनबाड़ी केंद्र,खोपली में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत किया गया पौधारोपण

उतई, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। खोपली 13 जुलाई 2024 को 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' के अंतर्गत ग्राम खोपली के आंगनबाड़ी केंद्र एक मे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।खोपली सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा ने कहा है कि 'एक वृक्ष मां के नाम अभियान' का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण एवं जलसंरक्षण को बढ़ावा देना है। जिससे आने वाले पीढ़ियों को स्वस्थ वातारण के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इस अभियान से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का प्रयास है जिससे जलसंरक्षण में महिलाएँ अग्रणी भूमिका निभा सके। इसके साथ ही भारत सरकार के 'जल शक्ति से नारी शक्ति' अभियान के तहत ग्राम स्तर पर ग्रामवासियों को जलसंरक्षण करने हेतु शपथ भी दिलाया गया।इसके साथ ही अभियान के दौरान बेटियों के जन्म,शिक्षा एवं बाल विवाह रोकथाम को प्रोत्साहित करने के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना का भी प्रचार-प्रसार किया । इस अवसर पर सरपंच मंजू वर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,अंगबाड़ी कार्यकर्त्ता धरम बाई चंदेल,सहायिका साम बाई कोशले,स्व सहायता समूह अध्यक्ष हर्षा चंदेल,सुखवंतीन नारंग,कुंवर मांडले,सोनबती यादव,प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

धनोरा में मनाई जाएगी गुरु पूर्णिमा

उतई, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर साल की भांति इस वर्ष भी 21 जुलाई रविवार को धुम धाम के साथ गुरु पुर्णिमा मनाया जाएगा सुबह 10 बजे से गुरु पुजन एवं 11 बजे से भजन संध्या एवं अतिथि आगमन एवं सम्मान समारोह एवं 3 दोपहर से ओम आदित्य मानस मंडली रिसाली भिलाई संतोष ढीमर विनीता ढीमर के मंडली द्वारा मानस गान की प्रस्तुति एवं श्रावण मास के पावन पर्व पर 12 अगस्त सोमवार को पार्थिव शिव पुजन एवं रुद्र महाअभिषेक सुबह 10 बजे से एवं शाम 4 बजे से महिला मंडली द्वारा मानस गान की प्रस्तुति होगी इस बैठक में मुख्य रूप से दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी नंद पंडा जी राजू यादव विनोद साहू गुलाब साहू गज्जू रायपुरिया मनसुखा साहू बबलू साहू जीवराखन ठेकेदार ओमकार साहू कल्याण देवांगन योगेश साहू बाबू लाल साहू ठेकेदार हेमंत तेली दिनेश साहू सुनील कहार चीन्टू साहू भोलू साहू वासुदेव स्प्रे उपसरपंच मनोज पटेल कुंज लाल साहू मुन्ना गंधर्व एमलाल देवांगन चंद्र कांत देवांगन सुंदर स्प्रे कुंभकरण पटेल तोमन गजपाल मारियल साहू रुपलाल टेलर चेतन साहू आदि बड़ी संख्या में इस बैठक में उपस्थित रहे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंद्र कांत कोसरे एवं कुंजलाल साहू ने दी।

डीएम ने ली अधिकारियों की बैठक, स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान चलाने के निर्देश

भिलाई, 15 जुलाई। जिले के नगरीय निकायों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत एजेंडावार समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में जिले के सभी नगरीय निकायों में नालों, सड़कों की सफाई, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट का समुचित निपटान करने तथा गार्बेज फ्री सिटी की दिशा में अभियान चलाकर प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही नगरीय निकायों को अधोसंरचना सहित विभिन्न मद अंतर्गत लंबित तथा आवास निर्माण को पूर्ण करने, राजस्व आय में वृद्धि करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 केंद्रीय मंत्रालय की पहल है रिड्यूस रियूज रिसाइकल की थीम पर आधारित है, जिसमें 4800 से ज्यादा शहरों में स्वच्छ सर्वेक्षण किया जाना है। बैठक में सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चंद्राकर, नगर निगम रिसाली की आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, एसडीएम छावनी भिलाई लवकेश ध्रुव और सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

विधायक देवेंद्र ने ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

भिलाई, 15 जुलाई । भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक ली। खुर्सीपार के पदाधिकारियों की बैठक राम जानकी मंदिर खुर्सीपार में और भिलाई टाउनशिप के ब्लाक कांग्रेस कमेटी तीन और चार के पदाधिकारी की बैठक सेक्टर 4 पार्षद कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की गई। विधायक यादव ने कहा कांग्रेस पार्टी एक परिवार है और हम सब इस परिवार में सदस्य हैं हम सबको एक परिवार की तरह एकजुट होकर एक मजबूत ताकत के रूप में रहना है। कांग्रेस का उद्देश्य समाज और जनता का विकास। जनता की सेवा है. इसलिए हमें अपनी जिम्मेदारियां को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाना है। अब भले ही प्रदेश और देश में कांग्रेस की सरकार नहीं है. लेकिन हम अभी भी एक शक्तिशाली मजबूत विपक्ष है। इसलिए हमें मिलकर काम करना है। आगे श्री विधायक ने बैठक में टाउनशिप की विभिन्न समस्याओं को लेकर भी चर्चा की। बैठक में विधायक देवेंद्र यादव टाउनशिप की समस्याओं को उठाया और कहां की टाउनशिप में कई तरह की समस्याएं हैं नाली और निकासी, वार्डों की सफाई भी बड़ी समस्या है। बारिश के दिनों में शहर के विभिन्न वार्डों व गलियों में बारिश का पानी भर जाता है। जिससे काफ़ी परेशानी होती है. एन सभी समस्या को गंभीरता के देखना है और दूर करना है।

पाठ्य सामग्रियों का वितरण

उतई, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शासकीय नवीन प्राथमिक शाला केसरा दानीपारा में सार्थक दानी एवं हर्षिता दानी के सुपुत्र ऋान दानी के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय के बच्चों को स्टेशनरी समान कापी, पेन्सिल,इरेजर,कटर तथा चाकलेट का वितरण किया गया। विगत वर्षों में दानीजी द्वारा बच्चों को पढ़ाई में उत्साहवर्धन के लिए स्टेशनरी समान वितरित करते हैं तथा विद्यालय को अन्य सहयोग भी प्रदान करते आ रहे है। दानी परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। दानी जी के इस सहयोग के लिए विद्यालय के शिक्षक नारायण प्रसाद साहू, अनकेश्वर प्रसाद महिपाल, हेमंत कुमार सेन, चेतन लाल साहू ने आभार व्यक्त किया।

कार्यकर्ताओं की समस्या सुनने पहुंचे विधायक रिकेश ने 3 लोगों को दी नौकरी

भिलाई, 15 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में दिए गए सुझाव अनुरूप वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन प्रत्येक शनिवार जिला भिलाई भाजपा कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला में पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्या व सुझाव के लिए मध्यान्ह 2 बजे से उपलब्ध रहेंगे। इसी तारतम्य में भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा समेत वार्ड और बूथ स्तर के जमीनी कार्यकर्ताओं से न केवल विधायक रिकेश सेन ने मुलाकात की बल्कि उनकी और परिवार की कुशलक्षेम पूछते हुए सभी की समस्याएं भी सुनीं। भाजपा कार्यालय पहुंचते ही भाजपा व युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने विधायक रिकेश के हर सप्ताह शनिवार को जिला कार्यालय में उपलब्ध होने के निर्णय की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया। विधायक से कार्यकर्ताओं ने स्वयं की समस्या के आलावा अपने अपने वार्ड की स्थानीय समस्याओं को भी बताया। उन्होंने पेयजल, सफाई सहित विकास कार्यों के संबंध में अपने सुझाव भी विधायक से शेयर किए। इस दौरान यहां

विधायक रिकेश सेन ने पार्टी के सुपेला शक्ति केंद्र संयोजक स्व. आनंद कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती अल्का श्रीवास्तव निवासी मॉडल टाउन भिलाई को स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के तहत शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की विद्यांजलि योजना के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मॉडल टाउन में शिक्षकीय कार्य हेतु अनुशंसा पत्र सौंपा वहीं हुडको निवासी पार्टी कार्यकर्ता राजेंद्र बाबराव कलंबे के सुपुत्र रितेश कलंबे को नगर पालिक निगम भिलाई में संपत्ति कर वसूली विभाग में प्लेसमेंट का नियुक्ति पत्र दिया है। इसके अतिरिक्त टाटा लाईन कोहका निवासी राजेंद्र सिंह को आबकारी विभाग में प्लेसमेंट पद का नियुक्ति पत्र सौंपा। विधायक से मुलाकात करने वाले कार्यकर्ताओं ने अपने अपने वार्ड की समस्याओं के आलावा स्कूल एडमिशन, परिवार और मोहल्ले के जरूरतमंद युवाओं के लिए नौकरी, व्यवसाय संबंधी आवेदन देकर अपनी दरख्वास्त को सूचीबद्ध करवाया है। वार्ड की समस्याओं और विकास कार्यों में आ रही अनेक अड़चनों पर विधायक रिकेश ने तत्काल फोन कर संबंधित मामलों के जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक निराकरण के निर्देश दिए हैं। युवाओं और जरूरतमंद लोगों की नौकरी या व्यवसाय संबंधी कार्यकर्ताओं की मांग पर सभी आवेदनों को सूचीबद्ध कर विधायक ने शीघ्र पहल का आश्वासन दिया है। विधायक रिकेश सेन का भाजपा कार्यालय में राम उपकार तिवारी, पुरूषोत्तम देवांगन, विजय जायसवाल, श्रीमती मिथिला खिचरिया, प्रेम लाल साहू, विजेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, रूपराम साहू, प्रेमचंद देवांगन, विजय शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने गमछा और पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया।

महंगाई का असर,अदरक युक्त चाय गरीब परिवार से दूर

उतई, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कबीरधाम जिले में कई गांवो में अदरक एक सो साथ रुपया किलो से ज्यादा होने के कारण चाय में अदरक का प्रयोग नहीं कर रहे है लोग। दस रुपया में पचास ग्राम अदरक मिलेगा इतना सुनते ही ग्राहक ने कहा की क्या हो रहा है अदरक के बिना चाय पीना होगा । महंगाई अपना रंग कब तक दिखाएगी पता नही समझ से परे है । टमाटर का रेट साठ रुपया भी हो गया और गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवार की थाली से टमाटर चटनी गायब हो गई है । सदाबहार सब्जी आलू , प्याज महंगी के कारण ग्राहक परेशान दिख रहे है । ऐसी नीति बनाए जाने की आवश्यकता जिससे की महंगाई पर रोक लगे लेकिन महंगाई को कम करने के लिए कदम नही उठाए जा रहे है जो की चिंतनीय विषय है । राधेश्याम श्याम चंद्रवंशी ने महंगी सब्जी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की सब्जी के दाम इस प्रकार बढ़ गए की जैसे की आग लग गया है।

एक नजर

आरोपी से 27 पौव देशी प्लेन शराब जब्त किया

राजनांदगांव 15 जुलाई। पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन जुआ, सट्टा की रोकथाम हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के प्रर्यवेक्षण में दिनांक 14/07/2024 को थाना छुरिया पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना मिलने पर छुरिया धुपसाल मार्ग में बना टपरी ग्राम कुमर्रा छुरिया पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे झनक निषाद पिता परसु निषाद उम्र 24 साल निवासी वार्ड नंबर 08 छुरिया थाना छुरिया जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार किया गया मामला जमानतीय होन एवं सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर छोडा गया है । आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक बोरी में रखा 27 पौव देशी शोले प्लेन शराब कुल 4.860 बल्क लीटर कीमती 2430/-रूपये, बिक्री रकम 1170/-रूपये नगदी एवं स्कुटी एक्टिवा क्रमांक ष्टल 08ब्र 9409 कीमती 60000/-रूपये कुल जुमला 63,600/- रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया।उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक ओमसिंह साहू, आरक्षक 460 फुलेन्द्र राजपुत एवं आरक्षक 1596 भुनेश्वर वर्मा का विशेष योगदान रहा।

नपा में कांग्रेस की नहीं, असली मायने में भाजपा की जीत

डोंगरगढ़ 15 जुलाई। भाजपा विधानसभा मीडिया प्रभारी एवं वरिष्ट भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया ही कि भाजपा के पार्षदों द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जिसमें भाजपा को 15 मत मिले एवं कांग्रेस को 08 मत मिले मतदान अधिकारी द्वारा कांग्रेस को विजयी घोषित किया गया निर्णय के खिलाफ भाजपा पार्षद दल के द्वारा कलेक्टर महोदय को आवदेन दिया गया है नगरपालिका पार्षदों की संख्या 23 हैं जिसमें कांग्रेस के पास 09 एवं भाजपा के पास 14 हैं अविस्वास प्रस्ताव में भाजपा को 15 एवं कांग्रेस को 08 मत मिले हैं, भाजपा के पार्षदों की संख्या बल से एक अधिक और कांग्रेस को एक कम इसकी चिंता कांग्रेस करे कि एक कम कैसे हो गया , भाजपा पार्षदों ने अपने मत का उपयोग भाजपा के पक्ष में किया हैं वहीं आने वाले समय में पूरा 24 वार्ड भाजपा को समर्थन देता दिखेगा तो कोई आश्चर्य वाली बात ना होगी। पूरे अविश्वास प्रस्ताव में कार्ययोजना तैयार करने के लिये प्रदेश भाजपा के द्वय महामंत्री रामजी भारती एवं भरत वर्मा ,पूर्व विधायक विनोद खडेकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव सहित सुनीलकुमार जैन, शहर भाजपा के अध्यक्ष अमित जैन सहित समस्त कार्यकर्ताओंकी भूमिका सराहनीय है।

भटके विकलांग बुजुर्ग को सुरक्षित पहुंचाया घर

डोंगरगढ़ 15 जुलाई। डोंगरगढ़ पुलिस के द्वारा भटके हुये लाचार विकलांग बुजुर्ग को सुरक्षित घर छोड़ मानवता का परिचय दिया है। पुलिस की जानकारी में बताया गया कि 12 जुलाई 2024 को डॅयल- 112 को सूचना मिली कि एक विकलांग बुजूर्ग जो छिरपानी डोंगरगढ़ रैन बसेरा के आसपास काफी परेशान हालत में भटक रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहूचकर बुजूर्ग से पुछताछ किया जिस पर बुजूर्ग अपना नाम रेखा गंधर्व पिता जय सिंह गंधर्व उम्र- 51 साल निवासी टिकरी पारा, दैहान चौक, गण्डई जिला केएसी0जी0 का रहने वाला बताया जो अपने घर से भटककर यहां पंहूच जाना बताया जिसकी सूचना थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा को मिलने पर तत्काल बुजूर्ग विकलांग पुरूष को सुरक्षार्थ पुलिस टीम के साथ उसके घर छुड़वाया जहां उसके परिजन द्वारा बुजूर्ग पुरूष को पूर्व से ही घर से कहीं चला जाना बताया गया। बुजूर्ग विकलांग पुरूष को सकुशल घर पंहूचाने पर उसके परिजन द्वारा खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में चन्द्रकांत सोनी एवं श्रीनिवास राव का विशेष योगदान रहा है।

अखिल भारतीय अंतरसाई और अंतरखेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

राजनांदगांव 15 जुलाई। भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव द्वारा दिग्विजय स्टेडियम में अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में युगांतर खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव की बालक बास्केटबॉल टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 8 से 12 जुलाई 2024 तक चले इस प्रतियोगिता को लीग कम नॉकआउट पद्धति से खेला गया। प्रतियोगिता में साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की दो टीम, साई ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर, साई ट्रेनिंग सेंटर सेलम, साई ट्रेनिंग सेंटर धारवाड़, साई ट्रेनिंग सेंटर वाराणसी, युगांतर खेलो इंडिया एकेडमी एवं साई ट्रेनिंग सेंटर जम्मू की टीमों ने हिस्सा लिया।

पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव अखिल भारतीय अंतर साई और अंतर खेलो इंडिया एकेडमी बास्केटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर समाज सेवी श्री शैंकी बग्गा, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी श्री लुमेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

वन कर्मचारियों व तस्करों में सांठगांठ से हो रही पेड़ों की अंधाधुध कटाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता, उत्तम साहू

नगरी 15 जुलाई। वनपरिक्षेत्राधिकारी कार्यालय अंतर्गत आसपास के घने साल, सागौन जंगलों में वन माफिया काफी सक्रिय है,जो पैसे की लालच में हरे-भरे कीमती पेड़ों की बेरहमी से कटाई कर रहे हैं। हरियाली बनाए रखने के लिए वनों से आच्छादित धमतरी वन मंडल के नगरी और सांकरा परिक्षेत्र के जंगलों में कई ऐसे पेड़-पौधे हैं, जो बेशकीमती है, किन्तु वन माफिया इमारती पेड़ो को काटकर अंदर खाने तस्करी किया जा रहा है, नगरी रेंज के तुमबाहरा में तो कोशा कीड़ा के नाम पर सैकड़ों पेड़ो की कटाई किया गया है।

हमारे विश्वस्त सूत्रों के अनुसार नगरी और सांकरा परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बोड़रा,मशानडबरा से सागौन और बीजा लकड़ी का गाडर बना कर लाते हैं, जिसे ग्राम मोदे के बढ़ाई द्वारा इस गाडर से फर्नीचर बना कर फर्नीचर मार्ट के माध्यम से मार्केट में बेचने का गोरखधंधा चल रहा है, ठीक इसी तरह नगरी रेंज के ग्राम बिलभद्दर और कोटाभर्री से लकड़ी की तस्करी हो रहा है,

परिक्षेत्राधिकारी एवं वन कर्मचारी इन माफियाओं के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई कर पाने में नाकाम साबित हो रहे है।

वन परिक्षेत्र में बैठे नौकरशाह अपने दायित्वों के निर्वहन में कितनी गंभीरता दिखाते है। हरे- भरे पेड़ो की अवैध कटाई से जहां क्षेत्र में पर्यावरण संकट बढ़ रहा है तो वन माफियाओं द्वारा कीमती पेड़ों की कटाई कर जंगलों को वृक्षविहीन बनाने का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। ऐसे में प्रकृति से हरियाली घटती जा रही है और वन विभाग की लापरवाही के कारण दिनों- दिन जंगलों का उजाड होता चला जा रहा है। एक ओर इमारती पेड़ो की अवैध कटाई कर वन माफिया औने- पौने दाम पर बेचकर मालामाल हो रहे है तो दूसरी ओर जिम्मेदारों की निष्क्रियता के कारण प्रकृति से हरियाली घटती दिखाई दे रही है। वृक्षारोपण के नाम पर सरकार हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च करती है। वहीं वृक्षारोपण के साथ- साथ उसकी सुरक्षा का जिम्मा भी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के ऊपर तय रहती है ताकि पर्यावरण में अनुकूलता बने रहने के साथ पेड़ो को सुरक्षित रखा जा सके। इसके विपरीत विभाग की लापरवाही व अनदेखी की वजह से जंगलों का उजाड़ होने के परिणामस्वरूप मौसम में लागातार परिवर्तन देखा जा रहा है। इसका जिम्मेदार आखिर कौन ?

अरुण साव ने डायरिया पीड़ितों से की मुलाकात

■ सामुदायिक अस्पताल के डॉक्टरों को बेहतर इलाज करने के दिए निर्देश

रायपुर, 15 जुलाई। सामुदायिक अस्पताल के डॉक्टरों को बेहतर इलाज करने के दिए निर्देशसामुदायिक अस्पताल के डॉक्टरों को बेहतर इलाज करने के दिए निर्देश उप मुख्यमंत्री और बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने आज रतनपुर सामुदायिक अस्पताल पहुंचकर डायरिया पीड़ित मरीजों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी ली। उन्होंने डायरिया पीड़ितों के इलाज की व्यवस्था की भी जानकारी ली। अभी 31 मरीज डायरिया के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हैं। चौबीसों घंटे उनके स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अस्पताल के डॉक्टरों को एक-एक मरीज का अच्छे से इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर इलाज में कोई कोर-कसर नहीं रखने को कहा। श्री साव ने बताया कि मरीजों की सेहत और डायरिया को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सजग है। घर-घर जाकर मरीजों की पहचान की जा रही है। जरा सा भी लक्षण दिखने पर अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा है। उम्मीद है बहुत जल्दी सब ठीक हो जाएगा। रतनपुर नगर पालिका के अध्यक्ष श्री घनश्याम राजे, एसडीएम श्री युगल किशोर उर्वस्या, बीएमओ श्री मिथिलेश गुप्ता, तहसीलदार श्री पंकज सिंह, अस्पताल प्रभारी डॉ. विजय चंदेल और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस दौरान मौजूद थे।

कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग

कोरबा 15 जुलाई। बीती रात कोरबा के मध्य मुख्य मार्ग में रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने संचालित प्रतीष्ठित दुकान डिलाइट क्लॉथ में गत रात्रि लगभग 10:20 बजे आग लगने की घटना घटित हो गई। बताया जा रहा हैं की जिस वक्त यहां आग लगी, दुकान बंद हो चुकी थी और संचालक सहित कर्मचारी घर जा चुके थे। एकाएक आग लगने की सूचना फैलते ही आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गई और आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। कोतवाली पुलिस और दमकल वाहन भी पहुंच आग बुझाने का प्रयास करने लगे। जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट की वजह से दुकान के ऊपरी मंजिल से लगी है। दुकान के सामने से हाई टेंशन तार गुजरी हुई है और यहां पेड़ की डालियां भी लटकी हैं। ऐसी चर्चा है कि तार में आपस में शॉर्ट सर्किट होने से उत्पन्न चिंगारी के संपर्क में दुकान की सजावट के लिए उपयोग में लगाई गई ज्वलनशील सामग्री का संपर्क होने से आग बढ़ गई और दुकान के अंदर तक फैल गई है।

तलवार लहराते आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव 15 जुलाई। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में शहर में असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु टीम गठित की गई । गठित टीम के द्वारा मुखबिर सूचना पर राजू खोब्रागढे पिता तीजू खोब्रागढे उम्र 41 वर्ष निवासी बजरंग नगर मोहारा थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को मोहारा बायपास प्लाई ओवर के नीचे मे घेराबंदी कर पकडकर आरोपी के कब्जे से एक एक लोहे का धारदार नुकिला तलवार जप्ती किया आरोपी द्वारा आने जाने वाले लोगों को डराते धमकाते मिलने पर आरोपी के विरूद्ध 25,27 आर्म्स एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा जाता है । उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, उप निरीक्षक नरेश कुमार सार्वा, आरक्षक 1728 कृष्णा ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही ।

ई-रिक्शा में छूटा सामान यात्री को दिलाया गया

राजनांदगांव 17 जुलाई। आज दिनांक 14.07.2024 को निवासी दोपती यादव पति विजय यादव निवासी जिला बालौदाबाजार का ई-रिक्शा में सामान छूट जाने से प्रार्थिया द्वारा यातायात शाखा आकर बताने पर नया बस स्टैण्ड चौक में लगे सीसीटीव्ही कैमरा फुटेज चेक कर ई-रिक्शा में लगे यूनिक नंबर 942 के माध्यम से ई-रिक्शा चालक से संपर्क कर छूटे सामान को यातायात शाखा में वापस दिलाया गया। आम लोगों से अपील है कि जिस टेम्पो, आटो, ई-रिक्शा वाहन में यात्रा कर रहे है उसका यूनिक नंबर क्या है एवं यूनिक नंबर देखकर ही टेम्पो, आटो एवं ई-रिक्शा में यात्रा करें। साथ ही सभी टेम्पो, आटो एवं ई-रिक्शा चालक सवारी बिठाने के पहले यात्रियों को अपने यूनिक नंबर से अवगत कराने पश्चात ही सवारी बिठाये। यात्रियों द्वारा अपना कीमती सामान वाहन में भूलने पर यूनिक नंबर के माध्यम से उस वाहन का सम्पूर्ण जानकारी यातायात कार्यालय से ली जा सकती है।

एक पेड मां के नाम अभियान के तहत लोधेशवरधाम में पौधारोपण

रायपुर 15 जुलाई। लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा ईकाई रायपुर छत्तीसगढ के तत्वावधान में सावन झूला का कार्यक्रम भी आयोजित है। इस वर्ष का कार्यक्रम लोधेशवरधाम के संयोजक एवम यू. व्ही. इंफ्रा.,भिलाई छत्तीसगढ के संचालक उत्तम वर्मा के रिवेरा रिसोर्ट , शिवनाथ नदी के तट पर ग्राम बेलोदी में आयोजित है। स्वजातीय बंधू जो परिवार के साथ जाना चाहेंगे, वे कृपया संख्या के साथ जानकारी दे सकते है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनो लोधेशवरधाम में समाज की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमे वार्षिक कार्यक्रमों, कलैंडर पर चर्चा हुई। साथ ही एक पेड मां के नाम अभियान के तहत लोधेशवरधाम में शीशम, बेल, मौलश्री, आम, तुलसी के आलावा नीम आदि के पौधे भी रोपे गये। वृक्षारोपण अभियान के दौरान कवर्धा जिला लोधी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष एवम भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश लोधी के अलावा लोधी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारीगण एवम सदस्यगण मौजूद थे। गौरतलब है कि पिछले वर्ष रोपे गये पौधों की संरक्षण एवम संवर्धन के उपाय भी किया गया।

असामाजिक तत्वों, अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 15 जुलाई। पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14.07.2024 को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल कन्हारपुरी ओव्हर ब्रिज के नीचे राजनांदगांव में रेड कार्यवाही कर आरोपी विजय ढीमर पिता शंकर ढीमर उम्र 19 वर्ष साकिन राहुल नगर अटल आवास लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगाव (छ0ग0) के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे 83 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 14.940 बल्क लीटर किमती 7470 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अपराध क्रमांक 432/2024 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आगे भी असमाजिक तत्वों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्र0आर0 जी सिरिल, आरक्षक प्रदीप जायसवाल, रंजीत चौरसिया एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

जीत के लिए मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का जताया आभार

जनता के हित में विकास कार्य होंगे सांय-सांय: मुख्यमंत्री

रायपुर, 16 जुलाई । मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड मुख्यालय में आयोजित मतदाता अभिनन्दन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत के लिए कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं, नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आपके क्षेत्र का बेटा मुख्यमंत्री है और जनहित में जो भी कार्य हैं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब सभी विकास कार्य सांय-सांय होंगे। आप लोगों के विधायक को प्रदेश के नेतृत्व का जिम्मा मिला है। लोकसभा में आपने मोदी को गारंटी पर भरोसा जताया और छत्तीसगढ़ से 10 सीट में जीत मिली। अभी 7 महीने ही सरकार बने हुए हैं। हमारी सरकार ने 18 लाख आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया है। 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत हर माह 1 हजार राशि दी जा रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक 4000 रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए कर दिया गया है। रामलला दर्शन योजना से प्रभु श्री राम के दर्शन का लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने दुलदुला में व्यवस्थित सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 1 करोड़ रूपए की घोषणा की। उन्होंने दुलदुला में बस स्टैंड, मिनी इंडोर स्टेडियम, हायर सेकंडरी स्कूल के भवन और दुर्गा पंडाल के लिए 10 लाख रूपए की मंजूरी की घोषणा की। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने सोकोड़ीपा में यादव समाज के भवन में बाउंड्रीवाल के निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, शारदा धाम के लिए जमीन, एंबुलेंस और शव वाहन की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन में पारदर्शिता लाने के लिए काम हो रहा है। बीते दिनों मितानिनों के लिए राशि जारी की है। सरकार हर वर्ग को ध्यान में रख काम कर रही है।

विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत ने कहा कि आप सभी की मेहनत से कुनकुरी में आपने न सिर्फ विधायक बनाया बल्कि एक मुख्यमंत्री बनने का गौरव भी हासिल हुआ है। आपकी मेहनत से पत्थलगांव और जशपुर में जीत हुई। आप सभी का अभिनंदन। पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय ने कहा कि हम सभी कुनकुरी के मतदाताओं के आभारी हैं। कुनकुरी से विधायक बन कर आए विष्णुदेव साय के हाथ में ही प्रदेश का नेतृत्व है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। आगे भी आप लोगों का ऐसा ही आशीर्वाद हम सभी को मिलता रहेगा ऐसी आशा करते हैं।

समाचार संक्षेप

सड़क चौड़ीकरण के नाम पर राजनीतिक नौटंकी

रायपुर 15 जुलाई। तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के नाम पर महापौर एजाज ढेबर राजनीतिक नौटंकी कर रहे है । भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने महापौर से पुछा कि जब मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल और निगम की परिषद ने तात्यापारा - शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण का भूमि पूजन किया तो फिर अब तक सड़क निर्माण का काम प्रारंभ क्यों नहीं हुआ? शहर की जनता जानना चाहती है । सड़क चौड़ीकरण के लिए टेण्डर कब हुआ? सड़क निर्माण का टेण्डर किस एजेंसी को मिला? छत्तीसगढ़ शासन के लोकनिर्माण विभाग और वित्त विभाग से सड़क निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति कब प्राप्त हुई ?वर्तमान में तात्यापारा से शारदा चौक तक सड़क चौड़ीकरण करने के लिए दोनों ओर से कितने मकान मालिकों-व्यवसायियो की कितनी जमीन अधिग्रहित कर उन भू स्वामियों को कितना मुवावजा देना होगा उसकी अंतिम सूची कहाँ है? उक्त सभी बिंदुओं पर विचार कर अंतिम निर्णय करने के बाद ही तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव को स्वीकृति दे कर उसका भूमि पूजन किया होगा तो फिर सड़क चौड़ीकरण का काम प्रारम्भ हो जाना चाहिए था। पार्षद मृत्युंजय दुबे ने तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और महापौर एजाज ढेबर पर उल्टी गंगा बहाने का आरोप लगाते हुए कहा कि शासन के नियमानुसार किसी भी सड़क चौड़ीकरण या निर्माण कार्य के लिए पहले प्रशासकीय स्वीकृति लेनी होती हैं , उसके बाद जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही प्रारंभ कर सम्बंधित भूमि का मुआवजा देकर भूमि अधिग्रहित की जाती है। इसके लिए भी वित्तीय स्वीकृति बजट के साथ लेना आवश्यक होता है । इन सब प्रक्रियाओं के बाद सड़क चौड़ीकरण के लिए नियम शर्तों के साथ टेण्डर आयोजन किया जाता है । फिर उसके बाद सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जाता है । तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण में उक्त प्रक्रिया का पालन किये बगैर तात्कालीन मुख्यमंत्री और महापौर ने भूमिपूजन कर दिया अब महापौर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर नौटंकी कर रहे हैं ।

प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर वृद्धाश्रम में फल वितरण

राजनांदगांव 15जुलाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी का जन्मदिवस पर 14 जुलाई को शहर जिला कांग्रेस द्वारा फल वितरण कर सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन में 14 जुलाई रविवार को कांग्रेसजनों द्वारा वृद्धाश्रम में फल वितरण कर वृद्धजनों से आशीर्वाद स्वरूप दीपक बैज जी की लंबी उम्र व दीर्घायु की कामना की। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का जन्मदिवस सादगीपूर्ण मनाते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि संगठन को लेकर लगातार सजग रहने वाले पार्टी की मजबूती के लिए लगातार कार्य करने वाले व हम सबके प्रेरणास्त्रोत के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु की हम कांग्रेसजन कामना करते है। प्रदेश अध्यक्ष जी के दीर्घायु की कामना को लेकर वृद्धाश्रम में फल वितरण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से महामंत्री हनी ग्रेवाल, नासिर जिंदरान, मनीष गौतम, बबलू कसार, रजत बोइर, संदीप जायसवाल, शैलेष रामटेके, किशोर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

माता के दर पर ज्योति कक्ष का निर्माण

डोंगरगढ़ 15 जुलाई। ग्राम सलोनी के ग्रामवासियों द्वारा माता के दर पर ज्योंती कक्ष की बहुप्रतिक्षित मांग पर डोंगरगढ़ विधानसभा की लोकप्रिय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा ग्राम सलोनी में ज्योति कक्षा निर्माण का लोकार्पण किया गया । इस अवसर पर जिला संयुक्त महामंत्री चुम्मन साहू महामंत्री पंचराम चंदेल युवा कांग्रेस महामंत्री रुपेश वर्मा युवा कांग्रेस नेता पिंटू वर्मा सहित कार्यकर्ता ग्रामीणजन उपस्थित थे।

रात्रि में डोंगरगढ़ शहर में ध्वनि प्रदूषण बुलेट चालक के विरूद्ध कार्रवाई

डोंगरगढ़ 15 जुलाई। इन दिनो शहर में रंडस व राजनैतिक पहुँच रखने वालो के बच्चों ने अपने माँ बाप के पैसों के घमण्ड व अपनी दोस्ती यारी के चक्कर व प्रतिस्पर्धा के चलते अपने बड़ों की मर्जी के खिलाफ हद को पार करने वाला कार्य करने से नहीं चूक रहे है जो उनके पैरेंट्स के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। जिसके लिए नगर की जनता को जागरूक होने की आवश्यकता है। इसी क्रम में पुलिस से प्रेस नोट जारी करते बताया गया कि 13.07.2024 को रात्रि में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा थाना चौक के पास अपनी पुलिस टीम को वाहनों के चेकिंग करने हेतु एमसीपी ड्यूटी लगाई गई थी कि एमसीपी ड्यूटी के दौरान एक बुलेट वाहन क्रमांक- सीजी 08 एडब्लयू 8886 के चालक शंकर सोनटेके पिता संजय सोनटेके उम्र- 20 साल निवासी डोंगरगढ़ द्वारा अपने बुलेट वाहन का सैलेंसर मोडिफाईट कराकर रात्रि में शहर में ध्वनि प्रदुषण फैला रहा था जिसे पकड़कर मोटर यान अधिनियम की धारा- 182-क (4) के तहत कार्यवाही कर अनावेदक चालक से 5000/-रू0 समन शुल्क लिया गया।

संपादकीय

ताकि दिमाग दुरुस्त रहे

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दो मुख्य प्रतिद्वंद्वियों डेमोक्रेट प्रत्याशी राष्ट्रपति जो बाइडन और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप, दोनों के बीच की बहस अब अहम मुद्दों से भटककर उनकी सेहत पर आ टिकी है। हालांकि, दोनों की उम्र में सिर्फ तीन साल का फर्क है। बाइडन जहां 81 साल के हैं, वहीं ट्रंप 78 के। मगर जिस तरह राष्ट्रपति बाइडन पहले सार्वजनिक बहस में ही लड़खड़ाए, उसके बाद उनसे ह्यकॉग्निटिव टेस्टह्ण कराने तक की मांग की जाने लगी। दरअसल, इस टेस्ट में कई तरह की जांच की जाती है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि संबंधित इंसान का दिमाग कितनी अच्छी तरह से काम कर रहा है? यह स्थापित बात है कि उम्र के साथ इंसान का दिमाग शिथिल पड़ता जाता है और अब तो दुनिया के ख्यात न्यूरोलॉजिस्ट भी इस बात की तस्दीक करते हैं कि 75 साल से ऊपर के 25 फीसदी लोगों में संज्ञात्मक विकार की समस्या हो सकती है। ऐसे में, बाइडन और ट्रंप के बहाने दिमागी सेहत का मसला वैश्विक विमर्श के केंद्र में आ गया है।

वैसे, पहले से ही दुनिया भर के वैज्ञानिक इस बात का पता लगाने में जुटे हुए हैं कि आयु बढ़ने के साथ क्या-क्या तब्दीलियां आती हैं और उनका हमारे दिमाग से क्या ताल्लुक है? वैज्ञानिक यह भी जानने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या आधुनिक तकनीक के जरिये दिमाग की उम्र कुछ घटाई जा सकती है, ताकि उसे संज्ञात्मक विकार का शिकार बनने से बचाया जा सके? दुनिया भर में बढ़ती जीवन प्रत्याशा को देखते हुए यह शोध काफी महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि डिमेंशिया, अल्जाइमर के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, लगभग 5.5 करोड़ लोग डिमेंशिया के शिकार हैं और हर साल लगभग एक करोड़ लोग इसकी गिरफ्त में आने लगे हैं। उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, मोटापा, धूम्रपान, शारीरिक गतिविधियों में कमी, सामाजिक विलगाव, एकाकीपन और अवसाद इसके जोखिम को बढ़ा देते हैं।

दक्षिणी कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के जेरोन्टोलॉजी व कंप्यूटेशनल बायोलॉजी विभाग ने ऐसी कंप्यूटर तकनीक विकसित की है, जो मानव दिमाग की उम्र का आकलन कर उसमें आई गिरावट के बारे में बताती है। हालांकि, बिल्कुल सटीक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए अभी और शोध व अध्ययन की दरकार है, जिसमें वैज्ञानिक बिरादरी जुटी हुई है। मगर वैज्ञानिक व डॉक्टर इस बात की ताईद तो करते ही हैं कि हमारी जीवनशैली का दिमाग से गहरा रिश्ता है। अमेरिका में एक शहर है, लोमा लिंडा। इसके बाशिंदों की जीवन प्रत्याशा राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। यहां के काफी लोग लगभग 100 साल जीते हैं और दिमागी रूप से काफी सक्रिय रहते हैं। यहां के लोगों की जीवनशैली पर कई अध्ययन हुए हैं, जिनके निष्कर्ष डॉक्टरों व वैज्ञानिकों की जीवनशैली संबंधी सोच से मेल खाते हैं। इस शहर में शराब व धूम्रपान की बिक्री पर सख्त पाबंदी है, यहां के लोग शाकाहारी या वीगन चीजें खाते हैं और धार्मिक प्रवृत्ति के हैं। वहीं कैलिफोर्नियां यूनिवर्सिटी में तंत्रिका विज्ञान के प्रोफेसर मैथ्यू वॉकर दिमाग की सेहत के लिए नींद को भी महत्वपूर्ण कारक बताते हैं। बकौल मैथ्यू, दिमाग का कोई भी ऐसा काम नहीं, जो नींद से बेहतर न हो और पर्याप्त नींद न लेने से खराब न हो। जब तक वैज्ञानिक व डॉक्टर दिमाग की उम्र को कम करने की किसी सटीक पद्धति तक नहीं पहुंचते, तब तक दिमाग को दुरुस्त रखने के लिए सामाजिक बनिए, पर्याप्त सोइए और जीवनशैली पर ध्यान दीजिए।

17 जुलाई मुहर्रम पर विशेष

तनवीर जाफरी

आतंक के विरुद्ध जिहाद की सबसे बड़ी मिसाल है ₹करबला ₹

इन दिनों पूरे विश्व में इस्लामिक कलेण्डर के पहले महीने यानी माह ए मुहर्रम के दौरान इस्लामी इतिहास की शहादत की सबसे अजीम घटना को याद किया जा रहा है। लगभग 1450 वर्ष पूर्व 10 अक्टूबर 680 अथवा

इस्लामिक कलेण्डर के अनुसार 10 मुहर्रम 61 हिजरी को इराक़ के करबला क्षेत्र में इसी मुहर्रम महीने के दौरान स्वयं को मुसलमान कहने वाले एक अधर्मी शासक यजीद इब्ने मुआविया ने पैग़ंबर हजरत मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन व उनके पूरे परिवार को क़त्ल करने का आदेश अपनी लाखों की सेना को दिया था। उधर हुसैन ने अपने 72 परिजनों व सहयोगियों के साथ दसवीं मुहर्रम को कबलों में तेज गर्मी के तपते रेगिस्तानी मैदान में तीन दिनों तक भूखे व प्यासे रहते हुये अपनी व अपने परिवार के अनेक लोगों की बेशक़्रीमती शहादत देकर यह साबित किया था कि हजरत मोहम्मद के परिजनों व इस्लाम के वास्तविक वारिसों द्वारा अहंकारी ,अधर्मी,अय्याश व क्रूर शासक को कभी भी इस्लामी साम्राज्य के शासक के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती।

करबला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन ने अपनी,अपने छः महीने के मासूम बच्चे अली असग़र जवान बेटे अली अकबर व भाई अब्बास जैसे बहत्तर साथियों को अधर्म के विरुद्ध जिहाद बोलते हुये क़ुर्बान किया इन शहादतों की कोई दूसरी मिसाल नहीं है। उधर दूसरी तरफ यजीद व उसकी सेना द्वारा यहीं पर क्रूरता का वह इतिहास रचा गया जिसकी दूसरी मिसाल पूरी पृथ्वी पर कहीं नहीं मिलती। यही वजह है कि दास्तान - ए - करबला को ग़लत(बातिल) के विरुद्ध सत्य (हक़) के खिलाफ न्याय और सत्य के लिए बलिदान के प्रतीक के रूप में हमेशा जाना जाता रहेगा। करबला में इमाम हुसैन ने अपनी क़ुर्बानी देकर पूरे विश्व के सभी धर्मों व सम्प्रदाय के लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इसीलिये आज पूरी पृथ्वी पर हजरत हुसैन के चाहने वाले व उनका ग़म मनाने वाले मिल जायेंगे।

आज इस्लाम को बदनाम करने व इसपर आतंकवाद का लेबल चिपकने की विश्वव्यापी कोशिशें की जा रही हैं। ऐसे में इस बहस पर चर्चा होना लाजिमी है कि इस्लाम का वास्तविक संरक्षक व मार्गदर्शक कौन है? क्या सिर पर इस्लामी टोपी पहनने से,क़ुरआन की आयतें पढ़ने से,हाफिज व क़ारी बनने से,मुफ़्ती व मौलवी कहलाने से अज़ान,नमाज व रोजे अदा करने,कलमा पढ़ने,हज,जकात अदा करने आदि के आधार पर किसी को सच्चा मुसलमान कहा जा सकता है? यदि मुसलमान होने के लिये उपरोक्त दलीलें काफी हैं फिर तो करबला में यजीदी सेना के सिपाही व अधिकारी भी उस समय के नमाजी,. कारी, कल्मागो, हाजी,हाफिज व रोजदार थे? यदि यही बातें किसी को सच्चा मुसलमान बनाती हैं फिर तो अलक़ायदा में भी सभी लंबी दाढ़ी रखने वाले नमाजी व हाजी,हाफिज क़ारी मिलेंगे? आई एस आई एस में भी ऐसे ही 'वेशधारी' मुसलमान मिल जायेंगे ? फिर तो क़ूर तालिबानियों का भी सच्चा मुसलमान कहने का दवा सही है ? पाकिस्तान से लेकर भारत व बांग्लादेश और भी कई देशों में ऐसे ही संगठनों द्वारा इस्लाम व मुसलमान के नाम पर किये जा रहे आतंकी हमलों को भी क्या इस्लामी शिक्षा से प्रेरित कहा जा सकता है ? जैसा कि वैश्विक स्तर पर प्रयास भी किया जा रहा है ?

जी नहीं, यजीद से लेकर अलक़ायदा,आई एस और तालिबानों जैसे अनेक आतंकी संगठन सभी लगभग एक ही विचारधारा से प्रेरित हैं। यह इस्लाम और मुसलमानों का नाम केवल इसलिये लेते हैं ताकि इस्लामी जगत को धोखे में रखकर उसका नैतिक समर्थन हासिल किया जा सके। इनका वज्द पूर्णतयः राजनैतिक मक़सदों को हासिल करने के लिये है। इन्हें सत्ता चाहिये और सत्ता का विस्तार चाहिये। करबला में हजरत हुसैन ने अपने समय के सर्वशक्तिशाली चरित्रहीन सीरियाई शासक यजीद को इस्लामी शासक के रूप में मान्यता देने व उसे इस्लामी शासक स्वीकार करने से इसीलिये इनकार कर दिया था ताकि इतिहास इस बात का गवाह रहे कि हजरत मुहम्मद के इस्लामी सिद्धांत किसी दुश्चरित्र अपवित्र अहंकारी व जालिम बादशाह को इस्लामी सल्तनत का बादशाह स्वीकार करने की क़तई इजाजत नहीं देते। इसीलिये हजरत हुसैन ने इस्लामी मूल्यों की रक्षा के लिये यजीदी आतंक व यजीदी विचारधारा के विरुद्ध जिहाद किया था। नतीजतन हजरत हुसैन को अपने पूरे कुंबे की क़ुर्बानी देनी पड़ी थी ? आज भी दुनिया के अनेक देश या तो आतंकी संगठनों की गिरफ़्त में हैं,या वहां ऐसी ही विचारधाराओं के लोग सत्ता में हैं। और जिस वर्ग का भी व्यक्ति या जमाअत इन्हें बेनक़ाब करती है, जो भी इनका 'यजीदी कनेक्शन' सार्वजनिक करते हैं यह उनकी जान के दुश्मन बन जाते हैं। ये मस्जिदों,दरगाहों, ईमामबारगाहों ,जुलूस व मीलाद पर होने वाले हमले,मस्जिदों में व मुहर्रम के जुलूसों में हो रहे आत्मघाती हमले,वक़्त वक़्त पर आतंकी संगठनों द्वारा घोषित फर्जी जिहाद,यह सब यजीदी विचारधारा को पोषित करने वाले संगठनों व उनसे जुड़े लोगों के काम हैं। परन्तु चूँकि यह लोग अपनी सभी अमानवीय गतिविधियां इस्लाम का नाम लेकर और हाथों में इस्लामी कलमा लिखा झंडा लेकर अंजाम देते हैं इसलिये पारम्परिक रूप से इस्लाम विरोधी पूर्वाग्रह रखने वाला विश्व का एक बड़ा वर्ग इसे इस्लामी शिक्षा व समग्र मुस्लिम कृत्य के रूप में पेश करता है।

जबकि दरअसल असली जिहाद तो करबला में हजरत हुसैन को उन्हीं ज़ालिम ताक़तों के विरुद्ध करना पड़ा था जो इस्लामी चोले में छुपकर इस्लाम पर नियंत्रण हासिल करना चाह रहे थे। परन्तु हुसैन ने एक अजीम क़ुरबानी पेशकर दुनिया को यह बता दिया कि असली इस्लाम,बादशाहों,तानाशाहों व शासकों का नहीं बल्कि मुहम्मद के घराने वालों का है। आज भी जो इस्लाम, सल्तनत की सियासत में उलझा है दरअसल वह इस्लाम नहीं बल्कि पैग़ंबरों, रसूल, इमामों, फक़ीरों, सूफियों, त्यागी, तपस्वी व वास्तविक अध्यात्म वादियों द्वारा पोषित इस्लाम ही सच्चा इस्लाम है। ग़जनवी से लेकर सद्दाम,लादेन,मुल्ला उमर और ग़द्दाफी तक ऐसे अनेक आतंकी,आक्रांता व तानाशाह लोगों ने धर्म के नाम का दुरूपयोग केवल अपनी सत्ता को बचाने या विस्तार के लिये किया। जबकि वास्तविक इस्लाम करुणा,प्रेम,भाईचारा,शांति,अहिंसा और सद्भाव पेश करता है। और हजरत मुहम्मद के इसी सच्चे इस्लाम की रक्षा के लिये उनके नवासे हजरत हुसैन ने करबला में 72 लोगों की शहादत देकर आतंक के विरुद्ध जिहाद की सबसे बड़ी मिसाल पेश की थी।

संपर्क -9896219228

आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। आज आप किसी नए बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं, जिसका फायदा आपको भविष्य में जरुर मिलेगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नौकरी मिलने की पूरी संभावना है। सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी अच्छी कंपनी से आपको जॉब का ऑफर भी मिल सकता है। बच्चों के साथ आज पार्क में घूमने जा सकते हैं। पूरा दिन एंजॉय करेंगे।

वृष राशिः आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आप बिजनेस के सिलसिले में बाहर भी जा सकते हैं। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के ऑफर भी आ सकते हैं। लवमेट आज आपको सरप्राइज दे सकते है। आज पूरा समय परिवार वालों के साथ बिताने के लिए भी प्लान कर सकते हैं। रात को सबके साथ बाहर डिनर करने भी जा सकते हैं। बिजनेस सम्बन्धी लोगों को आज अपने काम में मुनाफा मिलेगा।

मिथुन राशिः आज का दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आपके सारे रुके हुए काम आज पूरे हो सकते है। आज अविवाहित जातकों के लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है। साथी को चॉकलेट गिफ्ट करने से उन्हें खुशी मिलेगी।

कर्क राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। व्यापार की गति थोड़ी धीमी होगी, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आपके बच्चे आपके व्यापार में पूरा सपोर्ट करेंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए, धैर्य के साथ काम करें। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

सिंह राशिः आज का दिन खुशहाल रहने वाला है। आर्किटेक्ट से जुड़े लोगों को आज अच्छा अवसर मिल सकता है। किसी अच्छी जगह आपकी जॉब भी लग सकती है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। किसी नयी जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें । जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। नियमित योग करने से आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा।

कन्या राशिः आज का दिन अच्छा रहने वाला है। संगीत और कला से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। फिल्म इंडस्ट्री से आपको ऑफर भी मिल सकता है। घर में लक्ष्मी के रुप में नए मेहमान के आने की खुशी में छोटी ङ्क सी पार्टी हो सकती है। आज आपके बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के चांस बन रहे है। लवमेट आज आपके रिश्ते की बात घर पर करेंगे। परिवार के साथ विदेश जाने का प्लान बन सकता है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला राशिः आज का दिन उत्तम रहने वाले है। आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते है। जिससे आज आप कोई नयी क्रिएटिविटी कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपके सिनियर्स आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते है। साथ ही आपके पड़ोसी भी आपकी तारीफ करेंगे। आज रास्ते में आपका कोई पुराना दोस्त मिल सकता है। जिसके साथ आप मूवी देखने का प्लान बना सकते हो। आज आप बड़ेबुजुर्ग की सहायता भी कर सकते है। लवमेट से आप आपको उपहार मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको नया सिखने को मिलेगा। आज आप फौजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठे करने में आसानी होगी। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। ऑफिस में आज एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम जल्दी पूरा हो जाएगा। जिससे खुश होकर बॉस आपकी पीठ थपथपा सकते हैं। वकीलों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। कोई जरूरी केस आज आपके पक्ष में रहेगा। आज दोस्तों के साथ लंबे टूर का प्लान बन सकता है।

धनु राशिः आज का दिन ठीक रहने वाला है। अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन आज आपको पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। आज आपके बिजनेस को किसी मल्टीनेशनल कंपनी से डील मिलने के योग नजर आ रहे हैं।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। आज किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है। आज कोर्ट-कचहरी के मामले से दूर रहें तो आपके लिए अच्छा होगा। इस राशि के कर्मचारियों के लिए आज दिन अच्छा है। ऑफिस के किसी काम में आ रही समस्या आज खत्म हो जाएगी। शाम को परिवार के सदस्यों के साथ कुछ मीठा खाने से जीवन में मिठास बढ़ेगी।

कुंभ राशिः का आज के दिन धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आपकी लधार्मिक यात्रा भी हो सकती है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम का विरोध करेंगे तो कुछ सहकर्मी आपके पक्ष में भी रहेंगे। स्टूडेंट को अपनी पढ़ाई बेहतर तरीके से करने के लिए टाइम-टेबल में चेंजेस करने की जरूरत है। परिवार में पिछले जिस गलतियों की वजह से आपके रिश्ते ठीक नहीं चल रहे थे वे आज जीवनसाथी की मदद से ठीक हो जाएंगे। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

मीन राशिः आज का दिन उत्तम रहने वाला है। अगर आप नौकरी कर रहें तो आज ट्रांसफर किसी अच्छी जगह पर हो सकता है। पारिवारिक कामों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपका समय परिवारवालों के साथ अधिक बितेगा साथ ही कहीं बाहर घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं। ऐसा करने से परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।

मनोज कुमार अग्रवाल

15 जुलाई परसराम सोनी की गिरफ्तारी

रायपुर में सशस्त्र क्रांति की भ्रूण हत्या

मेरे रायपुर के लिए आज यानी 15 जुलाई को दिन बहुत ही विशेष है। उस दिन 1942 को इतिहास में एक ऐतिहासिक पृष्ठ जुड़? से रह गया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पन्नों पर आंदोलनकारी सेनानियों की त्याग, तपस्या और बलिदान की गाथा जिनने दमकते अक्षरों में अंकित है उतने ही स्याह हर्फों में गद्दारों की कुटिल कथा भी लिखी गई है। हर युग में पृथ्वीराज चौहान को जयचंदों से धोखा मिला है। 15 जुलाई 1942 को परसराम सोनी गिरफ्तार कर लिए गए। सुबह 10 बजे उनका मित्र शिवनंदन उन्हें बुलाने पहुंचा। सोनी जी उसकी सायकल में बैठकर गोलबाजार स्थित गिरिलाल के घर पहुंचे। गिरिलाल प्रभुलाल बीड़ी वाले के बाड़े में किराये से रहते थे। परसराम ने उनसे रिवाल्वर और तीन कारतूस लिए और शिवनंदन के साथ लौट गए। सोनी जी ने सायकल चला रहे शिवनंदन से लखेर लाइन से चलने को कहा पर उसने सायकल एडवर्ड रोड की ओर मोड़ दिया। जैसे ही सायकल सदर बाजार रोड पहुंची रुकी ही शिवनंदन ने घंटी बजाई। घंटी बजते ही केंद्रीय सीआईडी के इंस्पेक्टर नरेंद्र सिन्हा, अंग्रेज डीएसपी और सिटी इंस्पेक्टर परसराम पर टूट पड़े। तलाशी में रिवाल्वर बरामद हो गया। परसराम समझ गए शिवनन्दन ने गद्दारी कर दी है। फिर भी पृष्टि करने के लिए कोतवाली में उन्होंने उसके कान में बताया कि मोड़ के पास नाली में कारतूस फेंक दिया है। थोड़ी ही देर में कारतूस भी बरामद हो गया। अब परसराम के मन में कोई संदेह नहीं रह गया था। सोनी जी की गिरफ्तारी को सदर बाजार में सफदर अली अपनी दुकान से देख रहे थे। वे जानते थे कि सोनी जी का मेलजोल गिरिलाल से है। उन्होंने तुरंत ही इसकी सूचना उन्हें दे दी। देशभक्ति का जज्बा तो बचपन से ही उनके मन में था। वे वानर सेना के सक्रिय सदस्य थे। ठा. प्यारेलाल सिंह, मौलाना रऊफ और भूतनाथ बैनर्जी के भाषणों से वे बहुत प्रभावित थे। 1939 में वे क्रांतिकारी कवि राजनांदगांव के कुंजबिहारी चौबे के संपर्क में आए। कुंजबिहारी चौबे के पिता छबिलाल चौबे के पास 32 बोर की रिवाल्वर थी। किसी तरह उनसे परसराम ने वह रिवाल्वर प्राप्त कर ली और उसकी नकल कर ह्-ब-ह् दूसरा रिवाल्वर तैयार कर लिया। कई प्रयासों के बाद उनके बनाए रिवाल्वर ने सफलता प्राप्त कर ली। चौबेजी को उनकी अमानत लौटा दी। इसी समय उनका संपर्क गिरिलाल से हुआ, वे मुंगेर से रायपुर आकर बंदूक सुधारने का काम करते थे। गिरिलाल के संबंध चटगांव के क्रांतिकारियों से था। गिरिलाल और सोनी जी समान विचारधारा के थे। वे आरएमई वर्क्स और रायपुर फ्लोर मिल के कारीगरों से सामग्रियां हासिल करते और परसराम के घर पर ही रिवाल्वर तैयार करने लगे। डॉ. विपिनबिहारी सूर और उनके भाई निखिलभूषण सूर से परसराम सोनी को रसायन शास्त्र की एक ऐसी किताब मिल गई जिसमें बम और विस्फोटक बनाने की विधि थी। वे बम बनाने की कला भी सीख गए। संयोग से उन्हीं दिनों उनकी मुलाकात ईश्वर सिंह परिहार से हो गई उनसे उन्होंने पिकरिक एसिड से बम बनाने का हुनर सीख लिया। विस्फोटक बनाने के काम आने वाली सामग्रियां ठा. ज्ञान सिंह अग्निवंशी अपने एंग्लो वर्नाक्यूलर स्कूल की प्रयोगशाला से और होरीलाल सीपी मेडिकल स्टोर्स से उपलब्ध कराने लगे। जल्द ही सोनी जी टाईम बम, पोजिशन बम और स्मोक बम बनाने में दक्ष हो गए। ईदगाहभाठा और रावणभाठा के निर्जन स्थलों में बम का प्रयोग करते। ऐसे ही एक मौके पर ईदगाहभाठा में वे बम का परीक्षण कर रहे थे। जिस वक्त धमाका हुआ ठीक उसी वक्त राजकुमार कालेज के प्रिंसिपॉल स्मिथ पीवर्स की कार वहां से गुजरी। संभवतः उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना भी दी थी। मालवीय रोड का ओरियेंटल होटल क्रांतिकारियों का मिलन स्थल था। वहा कुंजबिहारी चौबे, दशरथलाल चौबे, प्रेम वासनिक, सुधीर मुखर्जी, क्रांतिकुमार भारतीय एकत्र होते। महासमुंद के खेदू पोद्दार, देवीकांत और कृष्णराव थिटे भी दल में शामिल थे।

परसराम सोनी बहुत सावधान रहते थे। कोई भी संदिग्ध वस्तु ज्यादा समय तक एक ठिकाने में नहीं रखते थे। वे इतनी गोपनीयता बरतते थे कि रोज मिलने वाले ओरियेंटल होटल के उनके साथियों को भी एक-दूसरे के विषय में जानकारी नहीं थी कि वे सभी एक ही मकसद से काम कर रहे हैं। गिरफ्तारी के बाद सोनीजी के घर की तलाशी हुई मगर कुछ भी आपत्तिजनक वस्तु वहां नहीं मिली। एक दिन पहले ही सारी चीजें होरीलाल के पास वे रखवा गए थे। उनकी गिरफ्तारी से सतर्क होकर होरीलाल ने वस्तुएं अन्यत्र हटा दिया। तलाशी के दौरान कुछ पत्रों में उनके साथियों के नाम-पते मिले। उनकी घर-पकड़ शुरू हो गई। प्रेम वासनिक पुलिस का गवाह बन गया। गिरिलाल, डा. सूर और मंगल मिस्त्री भी कोतवाली पहुंच गए। दूसरे दिन कुंजबिहारी और दशरथ लाल चौबे, सुधीर मुखर्जी, देवीकांत झा, होरीलाल, सुरेंद्रनाथ दास, क्रांतिकुमार भारतीय, कृष्णाराव थिटे, सीताराम मिस्त्री, समर सिंह और भूपेंद्रनाथ मुखर्जी जेल की शोभा बढ़ाने लगे। नौ माह तक एडीएम जे. डी. केरावाला की अदालत में भारतीय रक्षा अधिनियम, आर्म्स एक्ट और एक्सप्लोसिव सब्सटेंस एक्ट की तहत मामला चला।

सरकार को नहीं मिले थे वकील

अभियुक्तों की ओर से रायपुर के तमाम दिग्गज वकीलों एम. भादुड़ी, पी. भादुड़ी, चांदोरकर, पेंढारकर, अहमद अली, बेनीप्रसाद तिवारी और चुन्नीलाल अग्रवाल ने पैरवी की। शासन की ओर से मुकदमा लड? शहर का कोई वकील तैयार नहीं हुआ तब बाहर से वकील बुलाए गए। अंग्रेज आर्म्स एक्सपर्ट तो यह मानने के लिए ही तैयार नहीं था कि रिवाल्वर 'हेंड मेंडइ है। उसने परसराम की 'कारीगरीइ की भरे कोर्ट में तारीफ की। शिवनंदन के अलावा समर सिंह भी सरकारी गवाह बन गया। कमजोर साक्ष्यों के आधार पर भी सजा सुनाई गई। 27 अप्रैल 1943 को गिरिलाल को 8 वर्ष, परसराम सोनी को 7, भूपेन्द्रनाथ मुखर्जी को 3, क्रांतिकुमार और सुधीर मुखर्जी को दो-दो साल, दशरथलाल चौबे, देवीकांत झा, सुरेंद्रनाथ दास को एक-एक वर्ष की सजा सुनाई गई। मंगल मिस्त्री को नौ, और कृष्णराव थिटे को छः माह की कठोर सजा हुई। कुंजबिहारी चौबे तथा सूर बंधुओं पर दोष सिद्ध नहीं हो पाया। पर डॉ. सूर को डीआईआर के तहत जेल में ही रखा गया। रणवीर सिंह शास्त्री उस वक्त गुरुकुल कांगड़ी में अध्ययन कर रहे थे। अतः उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई। सजा के खिलाफ नागपुर हाईकोर्ट में अपील दायर की गई। जस्टिस नियोगी ने भूपेंद्रनाथ मुखर्जी, सुधीर मुखर्जी, कृष्णराव थिटे और देवीकांत झा को बरी कर दिया। परसराम सोनी ने अपील करने से इंकार कर दिया था। मई 1946 में भगत सिंह के साथी क्रांतिकारी जयदेव कपूर रायपुर आए। गांधी चौक की सभा में उन्होंने परसराम सोनी की रिहाई की मांग की। सजा काट कर रिहा हो चुके क्रांतिकुमार भारतीय और सुधीर मुखर्जी ने नागपुर जाकर मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल से परसराम और गिरिलाल की रिहाई की अपील की। 26 जून 1946 को वे दोनों रिहा कर दिए गए। अंग्रेजों ने परसराम सोनी और उनके साथियों के कारनामों को भले ही रायपुर षड ?त्र केस के रूप में पेश किया परंतु हमारे लिए तो वह गर्व से स्मरण किए जाने वाली सशस्त्र क्रांति का प्रयास था।

प्रस्तुतिः आशीष सिंह

परीक्षा की परीक्षा

नीट में कदाचार : दोबारा परीक्षा कराने से बचेगी साख!



केंद्र सरकार ने नीट पेपर लीक को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है. केंद्र ने हलफनामे में कहा कि भारत सरकार उन छात्रों की चिंताओं को दूर करने के लिए बाध्य है जिन्होंने नीट परीक्षा 2024 दी है. सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर गुरुवार 11 जुलाई को सुनवाई की लेकिन किसी निष्कर्ष पर पहुंचे बिना आगामी सुनवाई के लिए 18 जुलाई तय की। सरकार के हलफनामे में कहा गया, सरकार समाधान खोजने के लिए चौतरफा प्रयास कर रही है, साथ ही यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी दोषी उम्मीदवार को कोई लाभ न मिले. यह भी सुनिश्चित किया जाए कि 23 लाख छात्रों पर सिर्फ आशंकाओं के चलते एक नई परीक्षा का बोझ न डाला जाए। एनटीए ने भी सुप्रीम कोर्ट में जवाब में कहा कि पटना/हजारीबाग मामले में किसी भी ट्रंक में कोई प्रश्न पत्र गायब नहीं पाया गया. कोई भी ताला टूटा हुआ नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार याचिका दायर करने और परीक्षा दोबारा आयोजित करने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। याचिकाकर्ताओं ने कथित गड़बड़ियों की भी जांच की मांग की है। मंत्रालय ने सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया है कि आईआईटी मद्रास द्वारा नीट- यूजी 2024 के परिणामों का डेटा विश्लेषण किया गया था, जिसमें पाया गया कि न तो 'बड़े पैमाने पर कदाचार' का कोई संकेत था और न ही उम्मीदवारों के किसी स्थानीय समूह को इसका लाभ मिला और उन्होंने असामान्य रूप से उच्च अंक प्राप्त किए।

सरकार और एनटीए अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए लीपापोती कर रहे हैं सवाल उठता है जब कोई पेपर लीक हुआ ही नहीं तो छह राज्यों में 42 गिरफ्तारियां क्यों की गई हैं? जो तथ्य सामने आए हैं उनसे पता चलता है कि गोधरा गुजरात के एक परीक्षा केंद्र में दो हजार किलोमीटर दूर से अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए आए। सवाल यह है कि इन छात्रों ने दो हजार किलोमीटर दूर का परीक्षा केंद्र क्यो चुना? जाहिर है कि परीक्षा केंद्र आबंटन से लेकर पेपर लीक करने तक के लिए एक बड़ा तंत्र पेपर लीक माफियाओं का सिंडिकेट व्यापक रूप से पेपर लीक करने में जुटे थे और वह इस मे कामयाब रहे। सुप्रीम कोर्ट ने प्रथम दृष्टया माना है कि परीक्षा की शुचिता भंग हुयी है यानी परीक्षा में कदाचार हुआ है लेकिन इस जुगाड़ में लगे अपराधियों ने कितने छात्रों को फायदा पहुंचाया यह तोल जोख की जा रही है।

यह सारी स्थिति बहुत शमर्सार करने वाली है आजकल डिजिटल युग में कोई पेपर दुनिया के किसी कोने में लीक हो तो पलक झपकते ही नेट के इस्तेमाल से लाखों छात्रों तक पहुंच सकता है। अब यह सरासर अन्याय है कि जिस परीक्षा में 67 बच्चे शत प्रतिशत मार्क्स हासिल कर रहे हैं जबकि बीते दस साल में दो से अधिक छात्र शत प्रतिशत अंक हासिल नहीं कर सके। जाहिर है कि गड़बड़ी व्यापक पैमाने पर हुई। लेकिन सरकार इन दिनों बहुत सारे पेपर लीक मामलों में आलोचना का शिकार बन रही है इसलिए एक और तोहमत लगने से बचाव करने के लिए जिंदा मक्खी निगलना चाहती है? एनटीए खुद कसूरवार है तो वह इधर-उधर की बात करें तो स्वाभाविक है। सरकार को एनटीए की कुप्रबंध को स्वीकार कर तत्काल नीट परीक्षा दोबारा करानी चाहिए। देश की सबसे बड़ी अदालत को भी 24 लाख छात्रों की न्याय व्यवस्था में आस्था मजबूत करने के लिए तत्काल गडबडी भरी नीट 2024 को रद्द कर दोबारा परीक्षा पूरी शुचिता के साथ सम्पन्न कराने का निर्देश देना चाहिए।

आपको बता दें कि मामले में गड़बड़ी को लेकर 38 याचिकाओं पर अगली सुनवाई अब 18 जुलाई को होगी। एग्जाम के 8 दिन बाद पेपर लीक की जांच के लिए याचिका दायर हुई। नीट कैंडिडेट शिवांगी मिश्रा ने 13 मई को सुप्रीम कोर्ट में पेपर लीक की जांच करने को लेकर याचिका दायर की। इसके बाद एनटीए ने तय डेट से 10 दिन पहले 4 जून को ही एग्जाम का रिजल्ट अनाउंस कर दिया।दशभर में 4 जून के बाद से

योजनाओं से जनता को लाभान्वित करने करें सार्थक पहल : केदार कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 15 जुलाई। जिले के प्रभारी मंत्री और छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, संसदीय कार्य, कौशल विकास तथा सहकारिता विभाग मंत्री श्री केदार कश्यप ने रविवार को जिले के प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के साथ ही उसे संरक्षण कर, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आप सभी अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उसका बचाव कर अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीणों को बैंक की सुविधा प्रदाय करने हेतु मोबाइल

एटीएम शुरु करने को कहा। महतारी वंदन तथा शासन की अन्य योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ दिलाएं। उन्होने किसानों से अधिक से अधिक खाद-बीज का उठाव कराने, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ शत-प्रतिशत दिलाने को कहा। उन्होंने जिले के मूदा के उपयोगिता के हिसाब से आम ,केला जैसे पौधे लगाए जाने पर जोर देते हुए किसानों एवं ग्रामीणों को प्रोत्साहित कर लाभान्वित किये जाने कहा। पशुओं को होने वाले लंपी स्किन जैसे बीमारी का टीकाकरण करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री कश्यप ने समीक्षा के दौरान मलेरिया उन्मूलन के लिए मच्छरदानी वितरण, डीडीटी छिड़काव एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक उपाय करने कहा। सर्पदंश के लिए पर्याप्त मात्रा में मेडिसिन उपलब्ध कराने कहा। साथ ही पोटाकेबिन, आश्रम-छात्रावास में बच्चों की उपस्थिति की जानकारी ली और उक्त संस्थानों की नियमित रुप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोंटा ईलाके के डूबान क्षेत्र में बाढ़ को लेकर आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। वहीं विद्युत विहीन गांव में विद्युतीकरण शीघ्र करने को कहा। ग्रामीणों के द्वारा विद्युत बंद की शिकायत मिलने पर यथाशीघ्र विद्युत को जल्द से जल्द ठीक करने पर जोर दिया । मंत्री ने ग्रामीणों को राशन निर्धारित मापदंड के अनुसार पूर्ण रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करने निर्देश दिए और लापरवाही बरतने पर आवश्यक कार्यवाही करने कहा। प्रभारी मंत्री ने जिले में हो रहे सड़क निर्माण को गुणवत्तापूर्वक निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नियद नेल्ला नार में चिन्हांकित गांव में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और धरातल पर बेहतर काम किये जाने की आवश्यकता बताई।

एक नजर

अनुपस्थित आरएईओ को कर्तव्य में उपस्थित होने के निर्देश

जगदलपुर 15 जुलाई। जिले के विकासखंड तोकापाल में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कुमारी एम. वीणा 16 मई 2011 से अनाधिकृत रूप से बिना किसी सूचना के स्वेच्छा से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित है। इस संबंध में संबंधित कर्मचारी को अनुविभागीय कृषि अधिकारी तोकापाल द्वारा कार्य पर उपस्थित होने हेतु पत्र जारी किया गया है। संबंधित कर्मचारी को अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हेतु विभागीय जांच के दरम्यान अपना पक्ष रखने हेतु जांच अधिकारी जगदलपुर द्वारा जांच में उपस्थित होने हेतु पृथक-पृथक समय पर चार बार पत्राचार किया गया है, किन्तु आप आज पर्यन्त उपस्थित नहीं हुए हैं। इस बारे में संयुक्त संचालक कृषि बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा अंतिम सूचना पत्र जारी कर संबंधित को निर्देशित किया गया है कि समाचार प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपने कार्य पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें, अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि संबंधित को शासकीय सेवा की आवश्यकता नहीं है। वहीं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण 1966 के उपनियम 15 में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करते हुए सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित कर्मचारी की होगी।

मोहर्रम पर 17 जुलाई को शुष्क दिवस घोषित

जगदलपुर 15 जुलाई। राज्य शासन के निर्देशानुसार 17 जुलाई 2024 को मोहर्रम के अवसर पर मदिरा विक्रय हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त निर्देश के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा मोहर्रम के अवसर पर 17 जुलाई को जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें अर्थात देशी मदिरा तथा विदेशी मदिरा दुकानों और एफएल-3 होटल बार, एफएल-7 सैनिक कैंटीन एवं मद्य भण्डागार जगदलपुर को बंद रखे जाने के लिए आदेशित किया गया है। वहीं उक्त दिवस पर किसी भी प्रकार की अवैध मदिरा के विक्रय एवं चैयनयन न होने पाये, इस ओर कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सर्व सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गए हैं।

छोटेबेठिया घटना की जांच के लिए टीम गठित

कांकेर 15 जुलाई। कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा कोयलीबेड़ा विकासखंड के कन्या आवासीय विद्यालय छोटेबेठिया की घटना की जांच हेतु पखांजुर एस.डी.एम. श्री अंजोर सिंह पैकरा की अध्यक्षता में जांच दल का गठन किया गया है। जांच टीम में जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा सीईओ श्री घनश्याम जांगड़े, पखांजुर बीएमओ डॉ. डी. के. सिन्हा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती हेमेंदनी सरकार, और शासकीय हाई स्कूल पी. व्ही.32 की प्राचार्य श्रीमती अमिता दास शामिल हैं। उक्त जांच दल को दो दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया है।

कार्य में लापरवाही बरतने वाली अधीक्षिका को कलेक्टर ने किया निलंबित

कांकेर 15 जुलाई। कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर ने गंभीर प्रवृत्ति के शिकायत की खबर पर संज्ञान लेते हुए श्रीमती विनिता कुजूर, मूल पद व्याख्याता एल.बी., शासकीय उमावि छोटेबेठिया एवं अधीक्षक, कन्या आवासीय विद्यालय छोटेबेठिया विकासखंड कोयलीबेड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार सरपंच एवं ग्रामवासी छोटेबेठिया की शिकायत और खबर पर संज्ञान लेते हुए प्रथम दृष्टया शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। निलंबन के दौरान व्याख्याता श्रीमती कुजूर का मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड दुर्गुकोंदल नियत किया गया है। साथ ही कलेक्टर श्री नीलेश कुमार क्षीरसागर ने आदेश जारी कर उक्त कन्या आवासीय विद्यालय छोटेबेठिया के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छोटेबेठिया की व्याख्याता सुश्री नेहा सहाडे को आगामी आदेश पर्यन्त तक अधीक्षिका नियुक्त किया है।

बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित

मोहला 15 जुलाई । मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 14 जुलाई 2024 को बीएससी नर्सिंग 2024 प्रवेश परीक्षा, छत्तीसगढ़ व्यापम के निर्देशानुसार आयोजित हुई। जिला कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के दिशा निर्देशन में जिला नोडल अधिकारी श्री अविनाश ठाकुर एवं जिला समन्वयक श्री पुरुषोत्तम लाल साहू के नेतृत्व में जिले के दो परीक्षा केन्द्रों सेजेस मोहला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाकठेरा में बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2024 संपन्न हुई। इस प्रवेश परीक्षा के लिए 619 परीक्षार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें से 337 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए एवं 282 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में अब तक 248.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर 15 जुलाई। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 248.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 14 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 404.7 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 129.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 192.3 मिमी, बलरामपुर में 327.9 मिमी, जशपुर में 233.5 मिमी, कोरिया में 234.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 192.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

भाजपा राज में कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा

- जिले के बेलगाम अफसर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपमान करने से नहीं चूक रहे
- जिला पंचायत सीईओ सरपंचों के साथ दुर्व्यवहार कर रहें हैं: तुलिका
- विधायक के इशारे पर अधिकारी कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों का कर रहे अपमान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 15 जुलाई। जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने दंतेवाड़ा के जिला पंचायत सीईओ पर निर्वाचित सरपंचों की उपेक्षा एवम उनके साथ लगातार अमर्यादित व्यवहार किए जाने का गंभीर आरोप जड़ा है। तूलिका ने कहा की जबसे प्रदेश मे बीजेपी की सरकार बनी है, दंतेवाड़ा जिले में कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की जा रही है। सरकारी कार्यक्रमों में मान सम्मान नही दिया जा रहा है। स्थानीय

बीजेपी विधायक के इशारे पर प्रशासन के लोग जनप्रतिनिधियों का अपमानित करने का काम रहें हैं।

शनिवार को गीदम ब्लॉक के गुमड़ा में पोटा केबिन व स्कूल भवन का प्रशासन के द्वारा उद्घाटन का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें गीदम जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के सभापति मनीराम का अपमान किया गया। उन्हें आमन्त्रित करने के बाद भी बैठने के लिए कुर्सी नही दिया जाना उनका अपमान है क्योंकि वे कांग्रेस के निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। उद्घाटन शिला पट्टिका पर भी उनका नाम नही लिखा गया है।जबकि नियमतः श्री मनीराम का नाम लिखा जाना चाहिए था क्योंकि वे जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के सभापति भी है। उन्हें आमन्त्रित कर अपमान करना बीजेपी के इशारे पर प्रशासन कर रहा है। दंतेवाड़ा जिले में पूरा प्रशासन विधायक व बीजेपी नेताओं के कहने पर इस तरह के कृत्य कर रहे है। जिला पंचायत सीईओ ने दो दिनों पहले उनसे मिलने गए सरपंचों के साथ दुर्व्यवहार कर अपमान जनक शब्दों का उपयोग किया गया। सरपंचों ने सीईओ से मिलकर पंचायतों में विकास से सम्बंधित डीएमएफ व मनरेगा की राशि को लेकर चर्चा के लिये गये थे,शालीनता पूर्वक व नियमानुसार अपनी बात कर रहे थे,और पंचायतों में डीएमएफ की राशि से विकास के कार्य करने को कहि गई। इस पर जिला पंचायत सीईओ का सरपंचों पर भड़क जाना ,दुर्व्यवहार करना अपमान जनक शब्द कहते हुए चेंबर से बाहर कर देना ये आदिवासी सरपंचों को ठेस पहुंचाने वाली बात है।नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शासन, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल में पहुँचाने का काम करते हैं। एक प्रशासनिक अधिकारी का इस तरह का व्यवहार निंदनीय है। इस पर उच्च स्तरीय शिकायत की जाएगी, और इस तरह अपमान जनक व्यवहार बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत ने 8.31 लाख से ज्यादा प्रकरण निराकृत

रायपुर 15 जुलाई। छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर के न्यायालयों के साथ साथ राजस्व न्यायालयों में 13 जुलाई को आयोजित नेशनल लोक अदालत हेतु गठित कुल 605 खंडपीठों द्वारा प्रेषित अंतिम आंकड़ों में 7 लाख 66 हजार 639 प्री- लिटिगेशन प्रकरण तथा 65 हजार 139 लंबित मामलों को मिलाकर कुल 8 लाख 31 हजार 848 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 230 करोड़ 09 लाख 55 हजार 219 रूपये के अवार्ड पारित किए गए। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह- मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य के सभी 23 जिला एवं सत्र न्यायालयों से वर्चुअल मोड के माध्यम जुड़कर लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरीक्षण किया गया और सभी जिलों के प्रधान जिला न्यायाधीशों व अन्य खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारियों से संवाद व चर्चा की गई और लोक अदालत की प्रगति का जायजा लिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए मार्गदर्शन करते हुए प्रोत्साहित करें। वर्चुअल मोड में निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधिपति ने जिला न्यायलय रायगढ़ के एक प्रकरण में जहां एक उम्रदराज पति-पत्नी के मध्य घरेलू हिंसा का विवाद था और वे अलग अलग रह रहे थे और लोक अदालत के दौरान उनका समझौता हुआ और वे एक साथ रहने के लिये तैयार हो गये। मुख्य न्यायाधिपति द्वारा पक्षकारों के प्रयासों की सराहना की गई और दम्पत्ति को भविष्य के खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई । मुख्य न्यायाधिपति के द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में नेशनल लोक अदालत के संबंध में गठित दो खण्डपीठों का भी अवलोकन किया गया और लोक अदालत कार्यवाहियों का जायजा लेते हुए अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों को निराकृत कराये जाने की बात कही। गौरतलब है कि मुख्य न्यायाधिपति की पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में पहली बार माननीय उच्च न्यायालय के सभी न्यायमूर्तिगणों द्वारा भी अपने पोर्टफोलियो जिलों में भ्रमण कर नेशनल लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरीक्षण किया गया और लोक अदालत के पीठासीन अधिकारियों, सदस्यों व पक्षकारों को अधिक से अधिक प्रकरण निराकृत करने के लिये प्रोत्साहित किया गया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश गणों के द्वारा नेशनल लोक अदालत के दिन अपने पोर्टफोलियो जिले में उपस्थित रहना लोक अदालत व्यवस्था की विश्वसनीयता को पारदर्शी व विश्वसनीय बनायेगा और इसे एक नई उंचाई प्रदान करने वाला सिद्ध होगा । मुख्य न्यायाधिपति द्वारा सभी 23 जिलों का वर्चुअल मोड से निरीक्षण जहां आधुनिक तकनीक का न्यायालयीन कार्यवाहियों में उपयोग को दर्शाता है, वहीं मुख्य न्यायाधिपति की यह पहल लोक अदालत के पीठासीन अधिकारियों, सदस्यों व पक्षकारों को प्रोत्साहित करने के साथ साथ पक्षकारों में विश्वास सृजित करेगा और लोक अदालत को और विश्वसनीयता और प्रमाणिकता प्रदान करेगा।

थोक उर्वरक विक्रेताओं की ली गई बैठक

जगदलपुर 15 जुलाई। जिले में निजी उर्वरक दुकानों द्वारा उर्वरक के साथ कृषकों के मांग के विरूद्ध अनावश्यक रूप से अन्य सामग्री लदान के रूप में प्रदान किए जाने की सूचना प्राप्त होने के संदर्भ में संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि जगदलपुर द्वारा जिले के थोक उर्वरक विक्रेताओं की विगत दिवस बैठक ली गई। जिसमें विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि उर्वरकों का विक्रय उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के नियम प्रावधान अनुसार ही किया जाए। कृषकों को उर्वरक विक्रय निर्धारित दर से अधिक कीमत पर नहीं किया जाए। साथ ही कृषकों की मांग अनुसार ही कृषि आदान सामग्री प्रदाय किया जाए अन्यथा शिकायतें प्राप्त होनें पर नियमानुशार कड़ी कार्यवाही की जाएगी, साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक प्राप्त हो सके। किसी भी प्रकार के नकली एवं कालातीत (एक्सपाईरी डेट के) उर्वरक का विक्रय न करें। थोक विक्रेता द्वारा स्त्रोत प्रमाण पत्र फार्म-ओ में नवीन प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक सुधार कर खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को अपने उर्वरक लाईसेंस में स्त्रोत जुड़वाने हेतु उपलब्ध करावें एवं थोक विक्रेता द्वारा खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को विक्रय किए गए उर्वरक का तत्परता से डिस्पेच आईडी प्रदाय कर नियमित रूप से समीक्षा करें। खुदरा विक्रेता द्वारा प्राप्त उर्वरक का पॉस मशीन में इंद्राज करने के पश्चात ही पॉस मशीन के माध्यम से कृषकों को विक्रय करें। साथ ही रेक पाईंट विक्रय स्थल से परिवहन व्यवस्था की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में कृषकों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर उर्वरक का विक्रय न होने पाए।

समाचार संक्षेप

ऑटोरिक्शा चालक को पिटबुल कुत्तों ने काटा, केस दर्ज

रायपुर 15 जुलाई। अनुपम नगर में मस्जिद के सामने ऑटो रिक्शा चालक सलमान कुछ सामान लेकर डिलीवरी करने डॉ. संध्या राव के घर के पास पहुंचे, तो उन पर दो पिटबुल कुत्तों ने हमला कर दिया।एक कुत्ते ने घुटने के पास बुरी तरह काटा। एक तरफ कुत्ता घुटने के पास दांत गड़ाकर उन्हें अपनी तरफ नोच रहा था। दूसरी तरफ वे अपने पैर को कुत्ते के जबड़े से छुड़ा रहे थे। उनके घुटने में बड़ा घाव हो गया और वे दर्द से कराहते हुए सामने ही सड़क पर खड़ी कार के बोनट पर जाकर बैठ गए।इस मामले को लेकर आसपास के लोगों ने बताया कि यह कोई पहली बार की घटना नहीं है। डॉ. संध्या के घर में तीन कुत्ते हैं, जो काफी खूंखार हैं। इनमें दो पिटबुल और एक अन्य कुत्ता हैडॉक्टर के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस दर्ज कर लिया गया है,नगर निगम भी कार्रवाई करेगी। आसपास के लोगों द्वारा उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज हुआ। युवक ने इलाज के बाद खम्हारडीह थाने में शिकायत करने पहुंचा। इस पर थाना पुलिस ने खूंखार कुत्तों के रख रखाव में लापरवाही बरतने पर पिटबुल कुत्तों के मालिक डॉ. अक्षय राव के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

रायपुर 15 जुलाई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2024 के क्रियान्वयन हेतु फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई हैं। योजना में धान सिंचित, धान असिंचित फसलों, उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, अरहर /तुअर, रागी एवं सोयाबीन को शामिल किया गया है। इस योजना से किसानों को प्रतिकूल मौसम सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ वर्ष 2024 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा आवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। कृषि विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि अपना आधार कार्ड खरीफ वर्ष के लिए दिनांक 31 जुलाई 2024 से पूर्व बैंक में अपडेट करा लें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणिकरण के बीमा मान्य नहीं होगा। फसल लगाने वाले सभी अऋणी किसानों को प्रस्ताव पत्र के साथ नवीनतम आधार कार्ड की छायाप्रति, नवीनतम भूमि प्रमाण-पत्र (बी-1, खसरा) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट , आईएफएससी कोड, बैंक का पता साफ-साफ दिख रहा हो, फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने का आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नंबर एवं बटाईदार, कास्तकार, साझेदार किसानों के लिये फसल साझा, कास्तकार का घोषणा पत्र इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । धान सिंचित के लिए बीमा राशि 60 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 1200 रुपए तथा असिंचित फसल के लिए बीमा राशि 43 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 860, उड़द व मूंग के लिए बीमा राशि 22 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 460 रुपए निर्धारित की गयी है। इसी प्रकार मूंगफली की बीमा राशि 42 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 840 रुपए, कोदो की बीमा राशि 16 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 320 रुपए, कुटकी की बीमा राशि 17 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 340 रु. ,मक्का की बीमा राशि 36 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 720 रुपए,अरहर की बीमा राशि 35 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 700 रुपए, रागी की बीमा राशि 15 हजार प्रति हेक्टेयर और प्रीमियम 300 रुपए तथा सोयाबीन की बीमा राशि 41 हजार और प्रीमियम 820 रुपए निर्धारित की गई है।

खाद्य मंत्री ने ग्राम घोरहा में 34.14 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया

रायपुर, 15 जुलाई। खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने आज बेमेतरा जिले नवागढ़ विकास खंड के ग्राम पंचायत घोरहा में महामाया मंदिर की पूजा अर्चना कर 34 लाख 14 हजार के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें ग्राम घोरहा में सांस्कृतिक भवन निर्माण, सी सी रोड, और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का अतिरिक्त कक्ष निर्माण के कार्य शामिल हैं। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरा मंत्री मंडल 13 जुलाई को अयोध्या में प्रभु श्री राम का दर्शन करके लौटे हैं। हम सभी ने प्रभु श्री राम के दर्शन करके छत्तीसगढ़ के खुशहाली, विकास और छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए आशीर्वाद लेकर आए हैं। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं का भी लाभ उठाने कि लिए लोगो को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सभापति श्री अंजू बघेल, मारो नगर पंचायत अध्यक्ष श्री धनलाल देशलहरे, उपाध्यक्ष श्री शेर सिंह लोधी, श्री नरेन्द्र लोधी, सरपंच श्रीमती पुन्नी बाई वर्मा, श्री टार्जन साहू, लोधी समाज मारो सर्किल के अध्यक्ष श्री इन्द्र कुमार लोधी, श्री परस वर्मा, श्री सुनील वर्मा और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

वन मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 15 जुलाई। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन के वन एवम् जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, संसदीय कार्य, कौशल विकास तथा सहकारिता विभाग मंत्री श्री केदार कश्यप और सांसद बस्तर लोकसभा क्षेत्र श्री महेश कश्यप ने जिला मुख्यालय स्थित आकार आवासीय संस्था सुकमा में अपने प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी व कर्मचारियों एवं नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की अपील की। इस दौरान वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि इस मानसून में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें।

इस महत्वपूर्ण अभियान के माध्यम से करीब 4 करोड़ पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा गया है और राज्य के अधिकाधिक लोगों को पौधरोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस मौके पर सांसद बस्तर लोकसभा क्षेत्र श्री महेश कश्यप, श्री धनीराम बारसे, श्री हूंगाराम मरकाम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भी पौधरोपण किया।

अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव-खेत-खलिहानों और शहरों को खूब हरा-भरा बनाएं। राज्य सरकार द्वारा

आजीविका गतिविधियों पर आधारित प्रशिक्षण सह कार्यशाला

सीईओ जिला पंचायत ने किया मटियाबहरा का औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 15 जुलाई। नगरी विकासखंड के ग्राम मटियाबाहरा में वन संसाधन एवं आजीविका गतिविधियों पर केन्द्रित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने शिरकत किया। इस दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान में कार्यरत तकनीकी सहायक, पी.आर.पी., खोज संस्था, प्रदान संस्था, प्रेरक संस्था, आदिवासी विकास विभाग, वन विभाग, रेंजर एवं बीटगार्ड, जनपद पंचायत मगरलोड एवं नगरी, लाईलीहुड कालेज, बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी, कृषि विभाग, बी.आर.एल.एफ., एग्रोकेट सोसायटी मुख्य रूप से प्रशिक्षण के प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए।

सी.ई.ओ. सुश्री श्रीवास्तव ने वन आधारित संसाधन एवं आजीविका गतिविधियों का विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि सभी विभाग एवं स्वयंसेवी संस्था समन्वय बनाकर वन संसाधन अधिकार पर कार्य करना सुनिश्चित करें और अपने विभागीय योजनाओं को किस प्रकार से परिलक्षित करें ताकि वन आधारित संसाधन एवं आजीविका का संवर्धन आसानी से किया जा सके। उन्होंने जनमन मॉडल बसाहटों में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पर मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत भण्डरवाड़ी, बोदलबाहरा एवं कढ़ेमेटा में वन संसाधन प्रबंधन समिति के साथ योजना से जुड़े विभागों को बैठक करने कहा गया। प्रशिक्षण सत्र में आदिवासी विभाग द्वारा ग्रामसभा को मिलने वाले सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के महत्व एवं उद्देश्य पर विस्तार पूर्वक बताया कि-अनुसूचित जनजाति व अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम के अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार का प्रावधान है जो किसी सामुदायिक वन संसाधन की रक्षा, पुनरूद्धार, संरक्षण एवं प्रबंधन का अधिकार देता है। सी.एफ.आर.आर. के दावा प्रक्रिया के संबंध में बताया गया कि-ग्राम सभा से ही चयनित वन अधिकार समिति के सदस्य सहयोग करते हैं। गांव की पारंपरिक सीमा का जी.पी.एस. का नक्शा, ग्राम सभा से अनुमोदन उपरांत उपखंड स्तरीय समिति में अनुमोदन पश्चात जिला स्तरीय समिति के अनुमोदन से उक्त अधिकार पत्र प्रदाय किया जाता है। वन विभाग द्वारा वनोपज के समर्थन मूल्य व बाजार मूल्य का तुलनात्मक विवरण के साथ बताया गया कि जनवरी से दिसम्बर माह तक होने वाले सभी वनोपज जैसे-आंवला, हर्रा, बेहड़ा, महुआ, ईमली, तेंदूपत्ता, फुटु, बोड़ा, टोरी, माहुल पत्ता, तिखुर जो वनोपज आधरित है का विक्रय हेतु जानकारी दिया गया।

एक नजर

सुनील शर्मा प्रभारी महामंत्री निर्मल जैन कोषाध्यक्ष

महासमुंद,15 जुलाई। गत दिनों महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी में नई नियुक्ति का ऐलान जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट सुनील शर्मा को जिला प्रभारी महामंत्री और युवा नेता निर्मल जैन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उक्त नियुक्ति पर डॉ चंद्राकर ने कहा कि दोनों ही नेता काफी सक्रिय हैं जिसका लाभ जिला कांग्रेस कमेटी को मिलेगा। नियुक्ति पश्चात 13 जुलाई को कांग्रेस भवन पहुंचकर नव श्री शर्मा व श्री जैन ने जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पूरी निष्ठा से दायित्व निर्वहन की बात कही। कांग्रेस भवन में शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर प्रभारी महामंत्री गुरमीत चावला, पूर्व शहर अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो सहित उपस्थित सभी नेताओं व पदाधिकारियों ने दोनों का फूलमाला से स्वागत कर खुशी जाहिर की। बधाई देने वालो में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष डा रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, शहर प्रभारी महामंत्री गुरमीत चावला, पूर्व शहर अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, किसान नेता छबू साहू, पूर्व पार्षद तुलसी साहू, पूर्व पार्षद राजू साहू, कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सचिन गायकवाड़, कांग्रेस आईटी सेल के जिलाध्यक्ष नितेंद्र बेनर्जी, आरिफ बेग, ममता चंद्राकर, सन्नी महानंद, एडवोकेट राजेश बांसवार, कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिव भारद्वाज, प्रशांत जोल्हे, तुलसीदास समेत अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के सदस्यों ने रविवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात की। संघ के सदस्यों ने अपनी मांगों से विधायक को अवगत कराया और उनकी मांग शासन स्तर तक पहुंचाने के लिए निवेदन किया। इस पर विधायक श्री सिन्हा ने उनकी मांगों को लेकर गंभीरता से चर्चा कर आगे शासन स्तर पर रखने का आश्वासन दिया।शिक्षकों ने बताया कि मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेश क्र. एफ-1-179/94/20-1 भोपाल, दिनांक 24 जनवरी 1998 के अनुसार उनकी नियुक्ति नियमित पदों के विरूद्ध की गई एवं 2001 में नियमित किया गया। 1 जुलाई 2018 को शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया। यह भी बताया कि वर्ष 1952-53 से 1963 तक पूर्व में जनपदों/ स्थानीय निकायों द्वारा नियुक्त शिक्षकों को 1.10.1963 को संविलियन किया गया था। इन शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पेंशन का लाभ दिया गया। उनकी नियुक्ति भी जनपदों / स्थानीय निकायों द्वारा की गई है। भारत सरकार के आदेश के तहत भी 2004 के पूर्व नियुक्त अनियमित कार्यभारित/आकस्मिक/संविदा/ अंशकालीन कर्मचारियों का 2004 के बाद शासकीयकरण हुआ है। ऐसे समस्त कर्मचारियों को उनके प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पुरानी पेंशन का सकल लाभ दिया जा रहा है। किन्तु 1998-99 एलबी संवर्ग शिक्षकों को आज पर्यंत तक इसका लाभ नहीं मिला है। इसलिए उनकी मांग है कि 2004 के पूर्व शिक्षक एलबी संवर्ग को उनकी नियुक्ति तिथि 1998-99 से सेवा गणना करते हुए छ.ग. सिविल सेवाएं (पेंशन) नियम 1976 के तहत पुरानी पेंशन का संवैधानिक अधिकार प्रदान करते हुए आदेश जारी किया जाए।

आस्था ने बिखेरी पावस पर काव्य की छटा

महासमुंद,15 जुलाई । आस्था साहित्य समिति महासमुंद द्वारा पावस ऋतु पर काव्य गोष्ठी का आयोजन साहित्यकार श्रीमती एस. चन्द्रसेन के निवास स्थान त्रिमूर्ति कालोनी महासमुंद में की गई । कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुये वर्षा ऋतु का अभिनंदन करते हुये वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि बेरूखे बादल इसलिये जरुरी है, तुम्हारा लौट आना आओ खुद संवाद करो, उमड़, घुमडक़र बरस कर पतेंगे, झींगुरों और जुगुनओं संग मल्हार गाकर । पावस काव्य गोष्ठी में सभी का अभिनंदन करते हुये श्रीमती एस. चन्द्रसेन ने पंक्तियां बिखेरी- लो बज गई रुणभेरी पावस की अब उमड़, घुमड़ कर नम घन में । साहित्यकार डॉ. श्रीमती साधना कसार ने कहा कि जिन्दगी हुई जब तार तार सावन में अब फीकी लगे फुहार । वर्तमान समय में किताबों की महत्ता प्रतिपादित करते हुये श्रीमतीसरिता तिवारी ने पंक्तियां समर्पित करते हुये कहा कि नहीं मिलता जब सवालों के सही उत्तर तब हाथों में किताबें थाम लेती हूं, सही उत्तर मांग लेती हूं ।

छत्तीसगढ़ी में काव्य को उचाईया देते हुये सुरेन्द्र अग्निहोत्री ने कहा कि- बेंगवा टर्रावत नइहे, झिंगुरा नरियावत नई हे, बितत हे सरी असाढ़ गा । कमलेश पाण्डेय ने कहा कि वो वर्षा के काले बादल उमड़, घुमड़ कर आते हैं । अपने अनूठे अंदाज में काव्य गोष्ठी का संचालन करते हुये टेकराम सेन चमक ने कविताओं की चमक बिखेरी । इस अवसर पर प्रमुख रुप से शिक्षाविद एवं साहित्यप्रेमी के.आर. चंद्राकर ने कहा कि आस्था साहित्य समिति अपने साहित्य सेवा से साहित्य प्रेमियों के हृदय में स्थान बनाया है। उन्होंने निरंतर साहित्य साधना के लिये संस्था को बधाई दी ।

वाहन मरम्मत, वीडियो व फोटोग्राफी प्रशिक्षण

महासमुंद 15 जुलाई। बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवाओं के लिए दोपहिया वाहन मरम्मत एवं वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी प्रशिक्षण पंजीयन प्रारम्भ की गई है। पंजीयन पश्चात् 22 जुलाई 2024 से प्रशिक्षण की शुरूआत की जाएगी। निदेशक बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बी.पी.एल. राशन कार्ड की प्रतिलिपि, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की 5 फोटो, दस्तावेज साथ लाना होगा।

लापरवाह पोटा केबिन अधीक्षकों पर कार्रवाई हो:सालिक नागवंशी

सर्वआदिवासी समाज ने कहा-मृत छात्राओं के परिजनों को 50 -50 लाख मुआवजा दे सरकार

भोपालपट्टनम, 15 जुलाई। बीजापुर जिले के भोपालपट्टनम विकासखंड अंतर्गत आवासीय विद्यालय तारलागुड़ा और संगमपल्ली की छात्राओं की मलेरिया से मौत पर सर्व आदिवासी समाज ने इसे शासन प्रशासन की लापरवाही करार देते हुए कारवाई और मुआवजे की मांग की है।

सर्व आदिवासी समाज जिला बीजापुर के प्रवक्ता सालिक नागवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि शुक्रवार को तारलागुड़ा पोर्टा केबिन की कक्षा दूसरी की छात्रा की मौत मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में होने की जानकारी मीडिया से मिलने जिला अध्यक्ष जगगूराम तेलामी द्वारा वस्तुस्थिति और वास्तविकता जानने के लिए सर्व आदिवासी समाज के उपाध्यक्ष अनिल पामभोई के नेतृत्व में शनिवार और रविवार को दल भेजा गया था। परिजनों और पोर्टा केबिन के कर्मियों से चर्चा में जो बात सामने आई है वह अधीक्षकों की लापरवाही को स्पष्ट करता है। चर्चा में पता चला है कि छात्राओं को मच्छरदानी वितरण नहीं किया गया था। इसके अलावा सत्र शुरू होने से पूर्व मच्छर रोधी दवा का छिड़काव और जल निकासी सहित छोटे मरम्मत जैसे कार्य भी नहीं किए गए।तारलागुड़ा की छात्रा को मलेरिया बुखार में झटके आने के बाद भी गंभीरता से न लेते हुए परिजनों को बुला कर उन्हें इलाज के लिए सौंप दिया गया था। ब्लाक के संगमपल्ली पोर्टा केबिन की छात्रा की जान भी मलेरिया से गई। वहां भी मच्छरदानी बच्चों को नहीं दिया गया और न ही मलेरिया रोधी दवा का छिड़काव किया गया था।आदिवासी समाज नेता नागवंशी ने कहा कि आदिवासी सीएम विष्णुदेव सरकार में पोर्टा केबिन के रहवासी आदिवासी छात्रों का जीवन खतरे में मालूम पड़ता है। यह भी पता चला है कि बिना किसी कारण के हाल ही में राजनैतिक प्रभाव के चलते पूर्व अधीक्षकों को हटा कर नए लोगों को प्रभार सौंपा गया है। दोनों आदिवासी छात्राओं की मौत के लिए जिम्मेदारी तय कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख का मुआवजा दिया जाए।जांच दल में टिंगे चिन्ना बाई, शशिकला ध्रुव, अल्वा मदनैया, काका महेन्द्र, मढ़े अशोक, महादेव चापा, वलवा स्वदेश, यालम मनोज, कोरम गंगाधर, काका महेन्द्र, आलम कामेश्वर शामिल थे।

97926 हितग्राहियों को किया जा रहा है पेंशन से लाभान्वित

महासमुंद 15 जुलाई 2024/ महासमुंद जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण और उनका नियमानुसार क्रियान्वयन के लिए सजग है। समाज कल्याण की विभिन्न विभागीय योजानाओं के तहत् महासमुंद जिले में सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं में 97 हजार 926 हितग्राहियों को छः प्रकार की पेंशनों से लाभान्वित किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमती संगीता सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन में 60-79 वर्ष आयु वर्ग के 30172 एवं 80 वर्ष के आयु वर्ग के 3998 इस प्रकार 34170 वृद्धावस्था व्यक्तियों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। वही इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना के तहत् 9932 विधवा महिलाओं को जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक और 59 वर्ष से कम है पेंशन धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में प्रतिमाह उपलब्ध करायी जा रही है। जिससे वे अपना जीवन यापन अच्छे से कर सके।इंदिरा गांधी निःशक्तजन (दिव्यांग) पेंशन योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले 987 लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत 24 हजार 874, सुखद सहारा योजना के तहत् 9216 लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत 18747 पात्र हितग्राहियों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। ऐसे व्यक्तियों जो 60 वर्ष या उससे अधिक आयु, निराश्रित वृद्ध या 50 वर्ष या उससे अधिक आयु की निराश्रित विधवा परित्यक्त महिलाओं को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है।प्रदेश में निःशक्त व्यक्तियों की पहचान से लेकर उनके सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वास के लिए भी योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के दीर्घकालीन अनुभवों तथा उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के प्रति भी अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (एक अक्टूबर) को सम्मानित किया जाता है।

अग्निवीर की लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन

रायगढ़, 15 जुलाई। अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा में चयनित हुए जिले के अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन देने वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी उनके बीच पहुंचे। उन्होंने कहा लिखित परीक्षा के बाद फिजिकल टेस्ट काफी महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसके लिए सही ट्रेनिंग जरूरी होती है। जिला प्रशासन द्वारा ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है इसका पूरा लाभ उठाएं और चयन परीक्षा में अपना शत-प्रतिशत दें। गौरतलब है कि दिसम्बर माह में रायगढ़ में अग्निवीर भर्ती का आयोजन होने जा रहा है। रायगढ़ जिले के लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के फिजिकल टेस्ट के पूर्व उन्हें पुलिस विभाग के ट्रेनर्स के द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। इस संबंध में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने बच्चों को अग्नि वीर में चयन के लिए बधाई देते हुए कहा कि फिजिकल टेस्ट के मापदंडों के अनुरूप सही ट्रेनिंग बहुत आवश्यक है यह आपको न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है जिससे आप फिजिकल टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

प्रेस क्लब के रत्नेश अध्यक्ष, आशुतोष बने उपाध्यक्ष

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

महासमुंद। प्रेस क्लब महासमुंद का वर्ष 2024-26 के लिए निर्वाचन कॉलेज रोड स्थित प्रेस क्लब परिसर में रविवार को संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया से निर्वाचन में रत्नेश सोनी अध्यक्ष, रविंद्र विदानी महासचिव, आशुतोष शर्मा उपाध्यक्ष एवं संजय महंती कोषाध्यक्ष चुने गए। वहीं संगठन एवं प्रचार मंत्री व सांस्कृतिक सचिव के लिए क्रमशः महेंद्र यादव व अमित हिशीकर निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी शकील लोहानी एवं सहायक चुनाव अधिकारी विपिन दुबे के मार्गदर्शन में निर्धारित समयानुसार मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। जिसमें नामांकन दाखिला एवं वापसी के समय पश्चात मुकाबले की तस्वीर साफ हो गई। अध्यक्ष पद के लिए रत्नेश सोनी एवं आनंद राम पत्रकार श्री का नामांकन वैध पाया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए आशुतोष शर्मा व प्रभात महंती, महामंत्री पद के लिए रविंद्र विदानी व संजय यादव व कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय महंती एवं सोहेल अकरम आमने-सामने रहे।मतदान प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के लिए रत्नेश सोनी को 21 मत व आनंद राम को 14 मत मिले व 2 अमान्य हुए। रत्नेश सोनी 7 मतों के अंतर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर आशुतोष शर्मा को 28 मत व प्रभात महंती को नौ मत मिले। आशुतोष उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं महामंत्री पद के लिए कड़े मुकाबले में रविंद्र विदानी को 19 व संजय यादव को 18 मत व कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय महंती को 29 व सोहेल अकरम को 6 वोट मिले। एकल नामांकन से सहमंत्री अमित हिषीकर व संगठन एवं प्रचार मंत्री महेंद्र यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए।नवनिर्वाचित अध्यक्ष रत्नेश सोनी ने प्रबंधकारिणी सदस्यों की घोषणा करते हुए जसवंत पवार, देवीचंद राठी, प्रज्ञा चौहान, जितेंद्र सतपथी व आशीष साहू को सदस्य मनोनीत किया। चुनाव शांतिपूर्ण रहा। पुलिस प्रशासन, नगर पालिका का सहयोग रहा। चुनाव के बाद पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली।

द्वितीय नेशनल लोक अदालत में सभी 23 जिलों का वर्चुअल मोड के माध्यम से किया निरीक्षण

बिलासपुर, 15 जुलाई। छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीपति ,छत्तीसगढ़ उच्च न्यायलय सह मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य के सभी 23 जिला एवं सत्र न्यायालयों से वर्चुअल मोड के माध्यम जुड़कर लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरिक्षण किया गया और सभी जिलों के प्रधान जिला न्यायाधीशों व अन्य खंडपीठ के पीठासीन अधिकारीयों से संवाद व चर्चा की गई और लोक अदालत की प्रगति का जायजा लिया गया और उन्हें अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए मार्गदर्शन करते हुए प्रोत्साहित किया गया ।उक्त वर्चुअल मोड में निरीक्षण के दौरान माननीय मुख्यन्यायाधिपति महोदय ने जिला न्यायलय रायगढ़ के एक प्रकरण में जहाँ एक उम्रदराज पति पत्नी के मध्य घरेलु हिंसा का विवाद था और वे अलग अलग रह रहे थे और लोक अदालत के दौरन उनका समझौता हुआ और वे एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए । माननीय मुख्य न्यायधिपति महोदय द्वारा पक्षकारों के प्रयासों की सराहना की गई और दम्पत्ति को भविष्य के खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई ।मुख्य न्यायाधिपति के द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में नेशनल लोक अदालत के संबंध में गठित दो खंडपीठों का भी भ्रमण किया गया और लोक अदालत कार्यवाहियों का जायजा लेते हुए अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों को निराकृत कराए जाने की बात कही गई ।गौरतलब है कि माननीय मुख्य न्यायाधिपति की पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में पहली बार माननीय उच्च न्यायालय के सभी माननीय न्यायमूर्तिगणों द्वारा भी अपने पोर्टफोलियो जिलों में भ्रमण कर नेशनल लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरीक्षण किया गया और लोक अदालत के पीठासीन अधिकारियों सदस्यों व पक्षकारों का जायजा लेते हुए अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों को निराकृत कराए जाने की बात कही गई ।गौरतलब है कि माननीय मुख्य न्यायाधिपति की पहल पर छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में पहली बार माननीय उच्च न्यायालय के सभी माननीय न्यायमूर्तिगणों द्वारा भी अपने पोर्टफोलियो जिलों में भ्रमण कर नेशनल लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरीक्षण किया गया और लोक अदालत के पीठासीन अधिकारियों सदस्यों व पक्षकारों का जायजा लेते हुए प्रोत्साहित किया गया माननीय उच्च न्यायालय के न्यायाधीश गणों के द्वारा नेशनल लोक अदालत के दिन अपने पोर्टफोलियो जिले में उपस्थित रहना लोक अदालत व्यवस्था की विश्वसनीयता को पारदर्शी व विश्वसनीय बनायेगा और इसे एक नई ऊंचाई प्रदान करने वाला होगा मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा सभी 23 जिलों का वर्चुअल मोड से निरीक्षण जहां आधुनिक तकनीकी का न्यायालयीन कार्यवाहियों में उपयोग को दर्शाता है वही माननीय मुख्य न्यायाधिपति की यह पहल लोक अदालत के पीठासीन अधिकारियों सदस्यों व पक्षकारों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पक्षकारों में विश्वास सृजित करेगा और लोक अदालत को और विश्वसनीयता और प्रमाणिकता प्रदान करेगा।छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों में दिनांक 13.7.2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत हेतु गठित कुल 605 खंडपीठों द्वारा प्रेषित अंतिम आंकड़ों में 766629 (सात लाख छियासठ हजार छः सौ उनतीस) प्रीलिटिगेशन प्रकरण तथा 65129 (पैंसठ हजार एक सौ उनतीस) लंबित मामलों इस प्रकार कुल 831848 (आठ लाख इकतीस हजार आठ सौ अड़तालीसा) प्रकरणों का निराकरण करते हुए 23 00955219/- रुपए का अवार्ड पारित किया। मुख्य न्यायाधिपति श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने माननीय उच्च न्यायालय के सभी माननीय न्यायमूर्तिगण जो लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अपने पोर्टफोलियो के जिलों में लोक अदालत के अवसर पर गए थे उनका विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया है साथ ही साथ माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में गठित लोक अदालत की दो खंडपीठों के पीठासीन आधिकारी माननीय न्यायमूर्तिगण व सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया है माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा राज्य के सभी सम्मानित प्रधान जिला न्यायाधीशगणों और नेशनल लोक अदालत के संबंध में राज्य में गठित सभी खंडपीठों के पीठासीन अधिकारियों और खंडपीठ के सदस्यों सभी न्यायालयीन कर्मचारियों के साथ-साथ सभी पैरालीगल वालेंटियर अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा पक्षकारों तथा अन्य सभी लोगों जिन्होने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस नेशनल लोक अदालत को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने में योगदान दिया है को धन्यवाद ज्ञापित किया है माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया को भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया है

जनपद सीईओ व डिप्टी कलेक्टर ने ब्लॉक स्तरीय बीजादूतीर स्वयंसेवकों की ली मासिक बैठक

बीजापुर,15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री अनुराग पांडेय के मार्गदर्शन में संचालित बीजादूतीर कार्यक्रम अंतर्गत भोपालपटनम जनपद सीईओ व डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उइके ने ब्लॉक स्तरीय बीजादूतीर स्वयंसेवकों का मासिक बैठक लिया। बैठक में श्री दिलीप उईके द्वारा बीजादूतीर में जुड़े नए स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया । जिला समन्वयक अशोक पाण्डेय द्वारा बीजादूतीर के कार्यक्षेत्र स्वास्थ्य,पोषण, सुरक्षित मातृत्व, बाल विकास , बाल श्रम, बाल सुरक्षा 1098 सहायता नंबर की जानकारी ,मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी देते हुए लोगों को सहायता दिलाने हेतु आईवीआर नंबर की जानकारी दी गई एवं कुपोषित बच्चों को एनआरसी भेजने, आँगनबाड़ी व स्कूल मे पोषण वाटिका बनाने आदि कार्य की जानकारी दिया गया। इस दौरान श्री दिलीप उईके के द्वारा शासकीय योजनाओं जैसे आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना, महतारी वंदन योजना,राशन कार्ड , शाला त्यागी बच्चों को प्रवेश दिलाने मे सहयोग करने व गांव के अंतिम व्यक्ति तक तक पहुंचाने को कहा। उन्होंने कहा की गाँव के व्यक्ति सीधे प्रशासन से नही मिल पाते लोगों में जागरुकता और सही जानकारी का अभाव रहता है। गांव का युवा अपनी गांव की समस्या को खुद पहचान कर समाधान कर सकता है जिला प्रशासन और लोगों के बीच का अंतर को समन्वय करने का कार्य करता है। बीजादूतीर एक कड़ी के रूप मे कार्य कर रहा है। किसी भी युवा को गाँव मे कोई भी समस्या होने पर त्वरित निराकरण हेतु सीधे संपर्क करने को कहा।इस बैठक में 30 से अधिक बीजादूतीर स्वयंसेवक शामिल हुए।

श्याम बिहारी जायसवाल का आत्मीय स्वागत

बीजापुर 15 जुलाई । स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री श्याम बिहारी जायसवाल का बीजापुर हेलिपैड में डीआईजी कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने किया आत्मीय स्वागत। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के साथ पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा सहित अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मनोज पिंगुआ एवं स्वास्थ्य संचालक ऋतु राज रघुवंशी एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचे हैं।इस अवसर पर डीआईजी दंतेवाड़ा श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार एडिशनल एसपी श्री वैभव बैंकर सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

दो छात्राओं की मलेरिया संक्रमण से मौत, जांच अधिकारी नियुक्त

बीजापुर 15 जुलाई । जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला बीजापुर के पत्र अनुसार कन्या आवासीय विद्यालय तारलागुड़ा एवं संगमपल्ली में अध्ययनरत 2 छात्राओं की मृत्यु मलेरिया बीमारी के संक्रमण होना प्रतिवेदित किया गया है।उक्त छात्राओं की मृत्यु की जांच हेतु कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के द्वारा एसडीएम भोपालपटनम श्री यशवंत कुमार नाग को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। विभिन्न निर्धारित बिन्दुओं पर जांच उपरांत पन्द्रह दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया है।

अभियान चलाकर किया जा रहा जिले में बटांकन

रायगढ़,15 जुलाई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जनसामान्य की सुविधा के लिए नक्शा बटांकन के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए थे। निर्देश पर रायगढ़ के सभी तहसीलों में नक्शा बटांकन कार्य को अभियान चलाकर पूरा किया जा रहा है। जिससे विगत माह दिसम्बर 2023 से अभी तक नक्शा बटांकन कार्य में लगभग 18 प्रतिशत की प्रगति आयी है। इस अवधि में लगभग 90 हजार खसरों का नक्शा बटांकन किया गया है।नक्शा बटांकन कार्य जिले में तत्परता पूर्वक कराया जा रहा है, जिससे राजस्व अभिलेख में शुद्धता आ रही है। खसरा दुरूस्ती के पश्चात नक्शा अपडेशन नहीं होने से राज्य स्तर पर ऐसे खसरे काफी संख्या में लंबित रहे है जिसका निराकरण कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में किया ऱजा रहा है। जिससे अब जनसामान्य को खसरा एवं नक्शा के आसानी से उपलब्ध होने पर अब कार्यालय में आना नहीं पड़ रहा है। जिससे बैंक लोन, रजिस्ट्री आदि कार्य हेतु आवश्यक दस्तावेज आसानी से प्राप्त होने के साथ ही भूमि संबंधी विवादों में कमी आयी है। कई गांवों में नक्शा बटांकन के काम जो लम्बे समय से लंबित थे। उन्हें शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। जिनमें तहसील तैलूंगा एवं घरघोड़ा के इन विभिन्न ग्रामों में नक्शा अद्यतनीकरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया है। इनमें रामपुर, कोड़ासिया, ईश्वरपुर, सोहनपुर एवं चिटकीबहार तथा तहसील घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम छिरभौना, पोरडी, राई, घोघरा शामिल है।

शीतला तालाब की सफाई के बाद लगाए गुलमोहर के पौधे

दुर्ग,15 जुलाई।नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सफाई अपनाओं बीमारी के तहत भगाओ 1 जुलाई- 31 अगस्त तक अभियान के तहत आज सिविल लाइन शीतला तालाब की सफाई करने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह,श्रद्धा सबूरी समाज सेवी संस्था अध्यक्ष नीरज वानखड़े जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वाटर हीरो जल प्रहरी सम्मान से सम्मानित एवं अन्य संस्थाओं प्रीतम क्षीरसागर,सचिन नवघरे ,डॉ पाणिग्राही साथ मिलकर सिविल लाइन स्थित शीतला तालाब के आस पास झाड़ू लगकार श्रमदान किया।माँ शीतला तालाब के भीतर फैली गंदगी को निकाला गया। 'कैच द रैन' अभियान में निगम कर्मचारियों समेत अधिक लोगों ने सफाई के लिए श्रृंखला बनाई।इस अवसर पर आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा कि हमारे क्षेत्र में तालाबों की स्थिति अच्छी है। कुछ तालाबो की स्थिति बहुत अच्छी नही है।खासकर निस्तारी वाले तालाबों की। लोग जल संग्रहण के महत्व को नहीं समझ रहे है। तालाब को बचाने और सहेजने की आवश्यकता है। यह कार्य जन सहभागिता के बिना पूर्ण नहीं हो सकता।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में बच्चों व शिक्षकों ने रोपे पौधे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 15 जुलाई। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में -13 जुलाई को वन महोत्सव एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मयंक अग्रवाल (आईएफएस ऑफिसर, डीएफओ बलौदा बाज़ार) उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के तैल-चित्र पर माल्यार्पण कर सरस्वती वन्दना के बीच दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने मुख्य अतिथि का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया तदुपरान्त अपने संबोधन में सभी का स्वागत करते हुए सबको वन महोत्सव की अनंत शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का सुन्दर गायन और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि अग्रवाल के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में लगभग 200 वृक्षों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि अग्रवाल ने पेड़-पौधों के महत्व से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

ज्ञात हो कि वन महोत्सव एक पेड़ माँ के नाम इस विशिष्ट कार्यक्रम में सत्र- 2023-24 की दसवीं-बारहवीं अर्थात् सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम गतिविधि प्रभारी श्याम बहादुर की देख-रेख में सुनियोजित ढंग से सुव्यवस्थित राज्य गीत (स्टेट एंथम) के साथ संपन्न हुआ। अंत में शाला के वरिष्ठ शिक्षक राहुल भटालिया (विभागाध्यक्ष - विज्ञान विभाग) ने धन्यवाद प्रस्ताव के जरिए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक, विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

सोमवार को केवल जनदर्शन के लिए ही समय आरक्षित रखें कलेक्टर : आशीष रात्रे

भखारा, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बसपा नेता आशीष रात्रे ने जिला प्रशासन के मुखिया से मांग किया है कि सोमवार का दिन आम नागरिकों के लिए जनदर्शन कार्यक्रम के लिए समय आरक्षित रखें। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले पीड़ित किसान मजदूर आम नागरिकों को बस व अन्य साधनों से धमतरी आने जाने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा टीएल बैठक सोमवार को ही लेने के वजह से 12 बजे शुरू होने वाले जनदर्शन 1-30 बजे शुरू हो रहा है जबकि पीड़ित लोग 11 बजे से धमतरी कलेक्ट्रेट कार्यालय में आकर जनदर्शन शुरू होने का इंतजार में रहते हैं जबकि पूर्व में मंगलवार को टीएल बैठक होती थी जनदर्शन में लेटलतीफी होने की वजह से बस की समय सारणी से दूर दराज से आने वाले लोगों परेशानी हो रही है सोमवार को लगभग 200-300 पीड़ित लोग जनदर्शन में आते हैं बसपा नेता ने मांग की है कि जिला प्रशासन तत्काल इस पर अपना ध्यान केंद्रित करे आगे कहा कि एक तरफप्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय आम नागरिकों के लिए गुरुवार को जनदर्शन कार्यक्रम के लिए अपना पूरा समय आरक्षित रखते हैं लगता है सीएम से ज्यादा डीएम व्यस्त हैं।

तिल्दा-नेवरा, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। केंद्र के विभिन्न परियोजनाओं की स्वीकृति एवं नवीन विकास कार्यों हेतु छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम, रोजगार, युवा एवं खेल मंत्री डॉ.मनसुख एल. मांडविया से मुलाकात किया, साथ ही रेलवे , सड़क परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों से भी प्रस्तावित कार्यों के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री साय का कसडोल में स्वागत

कसडोल, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अग्रवाल ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कसडोल आगमन पर गुलदस्ता भेंटकर एवं पुष्प माला से स्वागत कर अभिनंदन किया द्य मुख्यमंत्री के स्वागत में छाया विधायक धनीराम धीवर भाजपा के प्रदेश मंत्री श्याम बाई साहू, प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य डॉक्टर अजय राव, मंडल अध्यक्ष मेला राम साहू, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, जिला मंत्री कृष्ण कुमार पटेल, जिला पंचायत सदस्य नवीन मिश्रा, लवन नगर पंचायत अध्यक्ष मीना बार्वे, उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, मंडल महामंत्री रामचंद्र ध्रुव, डॉक्टर सुदीप मानिकपुरी, गोविन्द घृतलहरे, अंजीव जयसवाल, गणेश शंकर साहू, नागेश्वर साहू, अनिल श्रीवास, अजय शर्मा, हेमंत साहू, निर्मला साहू, निर्मला रजक, त्रिवेणी मानिकपुरी, ईश्वर पटेल, भुवनेश्वर प्रसाद साहू बलार रोड कसडोल सहित भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

ब्लॉक के ग्राम मरदेल में मोबाइल टॉवर नहीं होने से नहीं मिल पा रही नेटवर्क की सुविधा

भानुप्रतापपुर, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कहने को पूरे भारतवर्ष में सूचना क्रांति फैल चुकी है। किंतु क्षेत्र में अभी भी बहुत से ग्रामों में मोबाइल का नेटवर्क नहीं है। जिससे उस गांव क्षेत्र के निवासी सूचना क्रांति एवं शासन से मिलने वाली कई सूचनाओं का लाभ नहीं प्राप्त कर पाते और शासन की योजनाओं से वंचित हो जाते हैं। इसी तरह भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम मरदेल में मोबाइल टावर नहीं होने के कारण वहां के लोग मोबाइल सुविधा से वंचित है अगर मरदेल में कोई बीमार पड़ जाए या कोई आवश्यक कार्य हो तो वहां के लोगों को पेड़ पर चढ़कर या पहाड़ पर चढ़कर फेन लगाना पड़ता है। कभी-कभी वह भी नहीं लगता। ग्राम मरदेल में सुचारू रूप से मोबाइल सेवा प्रदान करने। एवम बीएसएनल का मोबाइल टावर लगाने की मांग को लेकर शिवसेना व ग्रामीणों द्वारा अनुविभाग्य अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौपा गया एवं ज्ञापन की प्रति भारत संचार निगम भानुप्रतापपुर को दिया गया है। विदित हो कि पूर्व में इस संबंध आवेदन जन समस्याओं शिविरों में भी दिया जा चुका है। किंतु शासन प्रशासन ग्राम मरदेल की जनता के मोबाइल टावर की मांग को पुरा नहीं कर रही है।

एक नजर

मुख्यमंत्री साय का हेलीपेड पर आत्मीय स्वागत

बलौदाबाजार, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीपेड कसडोल में वरिष्ठ अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री साय यहाँ एक पारिवारिक विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, जिपं सभापति नवीन मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष मीना बार्वे, उपाध्यक्ष रामकुमार साहु, श्याम बाई साहु, राजेश जायसवाल, गणेश साहु, मेला राम साहु सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

हरिनभट्ठा शासकीय स्कूल में वनमहोत्सव का आयोजन

सिमगा, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शा.पू.मा.वि.हरिनभट्ठा में शनिवार बैगलेस डे के अंतर्गत द्वीतिय सप्ताह में शासन द्वारा आदेशित वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया जिसमें बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के फ्त, फूल एवं छायादार पौधा शाला परिसर में लगाया गया।एवं शिक्षकों द्वारा वृक्ष के महत्व को बताया गया। साथ ही बाल संसद एवं इको क्लब का गठन किया गया। वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ की प्रेरणा के साथ ही यह विशेष कार्यक्रम संकुल प्राचार्य ज्ञानेंद्र सार्वा सर, संकुल समन्वयक अशोक देवाँगन सर, पू.मा.शा.के प्र.प्र.पाठक सुखीराम साहू एवं शिक्षिका अर्चना साहू की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

32 पौवा देसी मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

सिमगा, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। थाना सिमगा पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है इसी क्रम में 14 जुलाई को थाना सिमगा से सउनि नरेंद्र मार्कण्डेय आरक्षक 547 बब्बू साहू आर.739 बीरेंद्र सिन्हा की पुलिस टीम द्वारा तिल्दा ओवर ब्रिज के पास सिमगा में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 3520 कीमत मूल्य का 32 पौवा रोमियो देशी मदिरा मसाला शराब एवं मो0स0 क्र. ष्ठत्न22 ष्ठ्ठ146 जप्त किया गया है। आरोपी पुनेश्वर उम्र 30 साल निवासी शीतला पारा नांदघाट थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध क्र. 240/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायलय पेश किया गया है।

पुलिस ने शराब बनाने के लिए कुख्यात भैंसामुड़ा, सबरिया डेरा व घटमड़वा डेरा में मारा छापा

2050 किलो लहान व 82 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

- कार्रवाई में जब्त शराब और लहान की कीमत क्रमशः 16 हजार व डेढ़ लाख रुपए
- बरामद महुआ पाश को मौके पर ही किया गया नष्ट, कार्रवाई से महुआ शराब बनाने वालों में हड़कंप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 15 जुलाई। मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भैंसामुडा सबरिया डेरा एवं घटमडवा डेरा में आसपास के क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए कुछ लोगों द्वारा भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बनाकर डम्प किया गया है। इसके साथ ही अवैध महुआ शराब बनाने के लिए महुआ पास (लहान) भी भारी मात्रा में रखा गया है, जिसका उपयोग आगे चलकर महुआ शराब बनाने में किया जाएगा। कि सूचना पर आज दिनांक 14.07.2024 को निरीक्षक के.सी.दास, सहायक उप निरीक्षक गोकुल पटेल, प्रकाश जांगड़े, प्रधान आरक्षक पीलाराम, नरेश खूंटे, आरक्षक सुजीत तंबोली, रामलाल, पीतांबर, नरेंद्र निषाद, धनीराम, दिलीप साहू, जगराम एवं महिला आरक्षक कुंवरिया पैकरा की पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर ग्राम भैंसामुडा सबरिया डेरा एवं घटमडवा डेरा में छापा मारा गया। इस दौरान मौके पर अवैध महुआ शराब का निर्माण करते हुए आरोपी गुरुवारी बाई उम्र 48 साल निवासी भैंसामुडा डेरा टुण्डरा थाना गिधौरी को पकडा गया है।

तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा भारी मात्रा में महुआ शराब पकड़े जाने के डर से उसे छुपा कर कहीं रखे होने के अंदेशा पर ग्राम भैंसामुडा सबरिया डेरा एवं घटमडवा डेरा दोनों स्थानों में पूरे इलाके का बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें मौके पर 16, 400 कीमत मूल्य का 82 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। साथ ही महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल लगभग 1, 43, 500 कीमत मूल्य का 2050 किलोग्राम महुआ पास (लहान) भी बरामद किया गया, जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया है।

संपूर्ण कार्रवाई में पूरी टीम को अवैध महुआ शराब का जाल फैलाने वाले एक बड़े शराब कोचिया समूह का भंडाफेड़ कर, भारी मात्रा में महुआ शराब एवं इसे बनाने में इस्तेमाल लाखों रुपये का सामान बरामद करने में सफ्लता मिली है। कि प्रकरण में पकडे गए आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए, जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

दाल व पोहा मिल एसोसिएशन ने पौधरोपण कर वितरित किये पौधे

भाटापारा, 15 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बढ़ते कदम नाम सुनते ही मन में सेवा की भावना जागृत हो जाती है ये एक ऐसी समाजिक संस्था है जिसका विस्तार छत्तीसगढ़ के साथ साथ महाराष्ट्र और उड़ीसा तक हो चुका है। संस्था 2005 से न केवल जीवित इंसानों बल्कि मृत्यु के पश्चात की भी सेवाएं, पशु पक्षियों व विक्षिप्तों की सेवा करते आ रही है क्योंकि इनका उद्देश्य है दुआ करने से बेहतर है किसी की मदद करना इसी कड़ी में बढ़ते कदम के संस्थापक स्व. अनिल गुरुबक्षाणी की पुण्यतिथि 14 जुलाई को श्रद्धांजलि देने हेतु संस्था की प्रेरणा एवं समाज सेवी कैलाश बालानी के सहयोग से भाटापारा में दाल मिल व पोहा मिल एसोसिएशन द्वारा वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण का कार्य सिद्धबाबा रोड स्थित वासदेव परमानंद मिल परिसर में आज किया गया समाज के महेश चंदानी ने बताया कि इस अवसर पर दाल मिल एवं पोहा मिल एसोसिएशन के सदस्यों के अलावा समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, परिसर में आम, अमरूद, जामुन, नीम, आदि के लगभग 20 पौधों का रोपण कार्य किया गया एवं 900 से अधिक पौधे वितरित किए गए। पौधा रोपण के पश्चात भाई कैलाश बालानी द्वारा उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए बढ़ते कदम के संस्थापक स्व. अनिल गुरुबक्षाणी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं भविष्य में सभी से वृक्षारोपण करने का आग्रह किया।

बृजमोहन, टंकराम, शिवरतन, अशोक एवं लक्ष्मी ने किया मतदाताओं का अभिनंदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 15 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन गोदड़ी धाम में किया। इसमें विधानसभा के तहत आने वाले चारो मंडलों के मतदाताओं का पार्टी गमछा पहना कर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, आप सभी के सहयोग, आशीर्वाद और परिश्रम से ही देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनकर देश के हर एक वर्ग के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। नारियों का सम्मान बढ़ाते हुए राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उवल गैस के साथ महतारी वंदन के तहत एक हजार महिलाओं के खाते में देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा विधानसभा में जितने भी विकास कार्य हुए है सभी भाजपा सरकार द्वारा ही हुए है, अभी केवल 07 माह की अवधी में ही हमारी विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा करोड़ो के कार्यो की स्वीकृति मिल चुकी है जिसमें 2017 -18 में स्वकृति मोपका महाविद्यालय हुई स्वीकृति के लिए पूरे पांच वर्षों में कांग्रेस द्वारा भवन स्वीकृत नही किया गया था जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है लगभग 04 करोड़ 78 लाख की लागत से भवन निर्माण का कार्य किया जाएगा, इसी तरह सिंमगा में लगभग 07 करोड़ एवं भाटापारा में लगभग 09 करोड़ की राशि से न्यायालय भवन की स्वीकृति मिल गई है, 13 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल निर्माण कार्य प्रारंभ है.भारतीय जनता पार्टी ने ही भाटापारा में हर विकास कार्य करवाये है.. राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, आप सभी के परिश्रम और मतदाताओं के आशीर्वाद से देश, प्रदेश में खुशहाली आई है। गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के लिए सीएम विष्णुदेव साय सरकार ने विभिन्न योजना संचालित की गई है। जिससे प्रदेश खुशआली की ओर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम को अशोक बजाज एवं लक्ष्मी वर्मा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के उपरांत एक वृक्ष माँ के नाम कार्यक्रम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया, कार्यक्रम के पूर्व सभी सामाज द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राकेश तिवारी, अनिल पांडेय, सुनील यदु, आशिस जायसवाल, आनंद अग्रवाल, महाबल बघेल, चारो मंडलो के मंडल अध्यक्ष- महामंत्री, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष- महामंत्री, सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, मतदाता, युवा, महिला, प्रबुद्ध जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के शपथ ग्रहण समारोह में पहुँचे गरियाबंद विधायक

कुर्मी समाज की कर्मनिष्ठा ने सदैव देश की प्रगति में योगदान दिया : साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 15 जुलाई। छा प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज जिला गरियाबंद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह रविवार को छुरा नगर के चंद्राकर भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि के रूप में छग प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा, चंद्रनाहू कूर्मि समाज दुल्ला उपक्षेत्र के अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्राकर, दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज सर्किल राजिम के अध्यक्ष जवाहर वर्मा, मनवा कूर्मि समाज नगर इकाई गरियाबंद के अध्यक्ष गुलाब राम वर्मा, तिरेला कूर्मि क्षत्रिय समाज लोहझर परिक्षेत्र छुरा के अध्यक्ष लक्ष्मण वर्मा, बड़गैंहा कूर्मि समाज के अध्यक्ष हुलास राम वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, रघुवंश चंद्राकर आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुँचने पर समाज के पदाधिकारियों ने आतिशबाजी के साथ स्वागत किया एवं कार्यक्रम स्थल पर सभी अतिथियों ने महापुरुषों के छायाचित्र में दीप प्रवलन व माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम प्रारंभ की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि कूर्मि समाज ने प्रत्येक क्षेत्र में अपनी ख्याति अर्जित की है। हम साहू समाज और कूर्मि समाज को भाई-भाई भी कहते हैं। समाज किसी एक व्यक्ति से नहीं बनता प्रत्येक व्यक्ति का इसमें बराबर योगदान होता है। समाज के सभी व्यक्तियों को समाज मुखिया व पदाधिकारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलना चाहिए जिससे समाज सकारात्मक दिशा में अग्रसर हो। इस दौरान अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर समाज हित में अग्रसर रहने की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए कूर्मि समाज के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा ने समाज के गठन के विषय को रखा और सभी अतिथियों का स्वागत किया। नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने समाज के महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की तथा समाज के हित में बढ़ चढ़कर योगदान देने की बात कही। इस दौरान समाज की मांग पर विधायक रोहित साहू ने चंद्राकर भवन परिसर में टीना शेड निर्माण की घोषणा की। शपथग्रहण समारोह में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर पुरुषोत्तम चंद्राकर व पोषण वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में सोहन वर्मा व लक्ष्मण वर्मा, महामंत्री भानुप्रताप भारद्वाज, युवाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महिला अध्यक्ष विद्या वर्मा, महिला उपाध्यक्ष लता वर्मा, सरिता वर्मा, महिला सचिव मीना चंद्राकर, प्रचार सचिव बृजबिहारी वर्मा व बालमुकुंद चंद्राकर, संगठन सचिव रमेश चंद्राकर व हेमंत वर्मा, युवा उपाध्यक्ष के रूप में लोकेश्वर वर्मा व दीपक वर्मा तथा युवा सचिव ज्ञानचंद वर्मा ने शपथग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन धरम चंद्राकर तथा आभार प्रदर्शन चमन चंद्राकर ने किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, महामंत्री प्रकाश सिन्हा, नगर पंचायत छुरा उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, पार्षद भोलेशंकर जायसवाल, धर्मेंद्र चंद्राकर, गोपाल वर्मा, सियाराम वर्मा, कोमल वर्मा, बिन्दा वर्मा, जमुना वर्मा, पिंटू वर्मा, मीना वर्मा, केशव चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, निराबाई चंद्राकर, रिखीराम वर्मा, राजकुमार वर्मा, उदय भानु चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कूर्मि समाज के पदाधिकारियों व समाजजनों की उपस्थिति रही।

कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Telephone No. 07856-244910 Email - cmogeedam@gmail.com

क्रमांक/790/निर्वा./न.प./2024-25 गीदम, दिनांक15/07/2024

(नगरीय निकाय)
प्रपत्र
(नियम 7 देखिए)

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि गीदम नगर पंचायत क्षेत्र को 15 (पन्द्रह) वार्डों में विभाजित करते हुए, प्रत्येक वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किये गये है, जो दिनांक 15.07.2024 से 22.07.2024 तक कार्यालय नगर पंचायत गीदम के कार्यालयीन समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्ताव के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से, सात दिन के भीतर लिखित रूप में (अधोहस्ताक्षरकर्ता) को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

स्थान:- गीदम
दिनांक:- 15/07/24

(आशा मौर्य)
तहसीलदार
तहसील गीदम एवं
नाम निर्दिष्ट अधिकारी
नगर पंचायत गीदम

एक नजर

बलौदाबाजार हिंसा व गोलीकांड पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

रायपुर, 15 जुलाई (मुख्य नगर संवाददाता)। विधानसभा के मानसून सत्र में कांग्रेस भाजपा सरकार को घेरने की रणनीति बना रही है। बलौदाबाजार कांड, बेमेतरा में हुए बारूद फैक्ट्री में विस्फोट तथा राजधानी में हुए गोलीबारी की गूंज सुनाई देगी। प्रदेश में विधानसभा का मानसून सत्र अगले सप्ताह शुरू होने वाला है। यह सत्र सीमित दिनों का रहेगा। विपक्ष ने सरकार को कई मुद्दों पर घेरने का निर्णय लिया है। सरकार सदन में कई विधेयक लाएगी। कृषि कार्य पर चर्चा करने के लिए यह सत्र बुलाया जाता है। विपक्ष विधानसभा सत्र में सरकार की नाकामियों और गिरती कानून व्यवस्था को लेकर पहले दिन ही विधानसभा का घेराव करेगी। पिछले महीने बलौदाबाजार में हुई हिंसक घटना के पश्चात एक समुदाय विशेष के लोगों पर की जा रही कार्रवाई को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। बेमेतरा के पास एक गांव में बारूद की फैक्ट्री में हुए विस्फोट में कई लोग मारे गए हैं। इस फैक्ट्री का संचालक भी भाजपा नेता का निकटतम रिश्तेदार है। इसलिए इस सत्र में जोरदार हंगामा होने के आसार हैं। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत कांग्रेस विधायक दल की बैठक शीघ्र बुलाने जा रहे हैं। बैठक में रेत माफिया और शराब के ओवर रेटिंग पर भी चर्चा होगी। सत्तापक्ष विपक्ष के हमलों का जवाब देगा। इसके लिए विधायक दल की बैठक 22 जुलाई को बुलाने का निर्णय लिया गया है। इसमें भाजपा के विधायकों और ट्रेजरी बेंच से भी विपक्ष पर हमला बोला जाएगा। पहले दिन सत्र की दो अवधि के बीच दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके पहले विपक्ष के साथ एक बैठक विधानसभा अध्यक्ष लेंगे जिसमें विभागवार हुई चर्चा के संबंध में बातचीत की जाएगी।

डिजिटल भुगतान की ओर तेजी से बढ़ रहा है भारत

रायपुर 15 जुलाई। भारत में नकदी रहित अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने का खुलासा करते हुए, किनीं इंडिया और अमेजन पे इंडिया ने आज शहरी भारत कैसे भुगतान करता है- रिपोर्ट को जारी किया है। 120 शहरों और 6,000 से ज्यादा उपभोक्ताओं एवं 1,000 व्यापारियों के बीच किए गए सर्वे पर आधारित यह व्यापक अध्ययन, भुगतान प्राथमिकताओं में एक बड़े बदलाव के बारे में बताता है। 90 प्रतिशत उत्तरदाता ऑनलाइन खरीदारी के लिए डिजिटल भुगतान के पक्ष में हैं, जबकि आधे (50 प्रतिशत) पड़ोस की दुकान पर भुगतान के लिए डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता देते हैं। इस बड़े बदलाव के मद्देनजर, भारतीय व्यापारियों ने तेजी से डिजिटल भुगतान को अपनाया है, उनके 69 प्रतिशत लेनदेन अब डिजिटल चैनलों के माध्यम से होते हैं। विभिन्न क्षेत्रों, आय समूहों, कई शहरों, आयु वर्ग और लिंगों तक सर्वे की व्यापक पहुंच भारत के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करती है। यह रिपोर्ट उपभोक्ताओं और व्यापारियों द्वारा डिजिटल भुगतान को अपनाने के पैटर्न को अच्छी तरह से दर्शाती है, प्रमुख विकास कारकों और वृद्धि वाले क्षेत्रों पर प्रकाश डालती है।

दोंदेकला में अवैध पत्थर खनन कलेक्टर से की गई शिकायत

रायपुर, 15 जुलाई । राजधानी रायपुर से लगे विधानसभा इलाके के ग्राम मटिया दोंदेकला में जमकर अवैध पत्थर का उत्खनन हो रहा है। इसे लेकर रायपुर कलेक्टर से शिकायत की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने कलेक्टर रायपुर से मुलाकात कर कहा है कि, मटिया-दोन्देकला क्षेत्र के 5 एकड़ से अधिक एरिया में पत्थर का अवैध उत्खनन चल रहा है। करोड़ों रुपयों के पत्थर अभी तक निकाले जा चुके हैं। आखिर करोड़ रुपये का पत्थर किस ऋेशर को बेचा गया है। इनकी जांच की मांग की गई है। मीडिया को जारी विज्ञप्ति में बंजारे ने कहा है कि, सरकार, रेत-पत्थर माफिया, भूमाफियाओं को पनाह दे रही है। स्थानीय मीडिया, अखबार प्रतिनिधि और स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रतिदिन रेत माफियाओं एवं पत्थर माफियाओं के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। लेकिन बड़े नेताओं के शीर्ष स्तर के राजनैतिक संरक्षण के चलते उक्त माफियाओं पर कार्यवाही करने खनिज विभाग की हिम्मत नहीं हो रही है।

वित्त आयोग के सदस्यों को प्रतीक चिन्ह देकर दी गई विदाई

रायपुर, 15 जुलाई। वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया तथा आयोग के अन्य सदस्यों को नई दिल्ली रवाना होने के पहले शनिवार को रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर प्रतीक चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। इस अवसर पर वित्त सचिव मुकेश बंसल, एनआरडीए के सीईओ सौरभ कुमार, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगरीय विकास विभाग के संचालक कुंदन कुमार, वित्त कोष लेखा विभाग के संचालक महादेव कावरे सहित अन्य अधिकरी उपस्थित थे।

निधन

रायपुर। अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है डी डी नगर निवासी अश्वनी शर्मा(बाबू लाल) पौता वाले का रात 2:30 बजे स्वर्गवास हो गया है उनका अंतिम संस्कार 15 तारीख को 11 बजे महादेव घाट में किया जाएगा, निलेश शर्मा(विक्की), रितेश शर्मा(निक्की) के पिता जी थे।

समन्वय समिति लेगी महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराने का फैसला

राजभवन में कुलपतियों की बैठक बुलाने की तैयारी

- **शैक्षणिक कैलेण्डर के पालन पर दिया जाएगा जोर**

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 15 जुलाई। राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति विश्वभूषण हरिचंदन शीघ्र ही शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक बुलाएंगे। समन्वय समिति की इस बैठक में छात्रसंघ चुनाव, शैक्षणिक कैलेण्डर का पालन एवं नई शिक्षा नीति सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।

सभी राजनीतिक दल छात्र संघ चुनाव करने की बात करते हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद मनोनयन की प्रक्रिया अपना लेते हैं। जभवन शीघ्र ही समन्वय समिति की बैठक बुलाने पर विचार कर रहा है। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। राज्य में कुल 13 शासकीय विश्वविद्यालय हैं। यहां प्रवेश का काम पूरा हो गया है। विवि को नियमानुसार शैक्षणिक कैलेण्डर का पालन करना होता है। समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करना होता है। कोरोन संकटकाल में परीक्षा का पैटर्न बदल दिया गया था। अब परीक्षा के परिणाम सही समय पर आने लगे हैं। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करना चाहती है इसके लिए रायशुमारी चल रही है। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा छात्रसंघ चुनाव का है। महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव जीतने वाले ही नेता आगे चलकर सक्रिय राजनीति में आते हैं। इस वर्ष महाविद्यालय में चुनाव कराया जाएगा अथवा नहीं इसका फैसला भी समन्वय समिति करेगी। अधिकांश कुलपतियों का मानना है कि छात्र संघ चुनाव कराने से महाविद्यालयों में अराजकता उत्पन्न होती है। इसलिए छात्रसंघ चुनाव कराने के बजाय मनोनयन कराया जाए। महाविद्यालयों से लेकर विवि स्तर तक छात्रसंघ का गठन मनोनयन के आधार पर ही किया जाता रहा है।

रविवि के अंतर्गत करीब 320 महाविद्यालय आते हैं। इन महाविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने, शोध कार्य में तेजी लाने एवं नए पाठ्यक्रम शामिल करने पर भी चर्चा होगी। रविवि के कुलपति कई महत्वपूर्ण सुझाव देंगे। राजभवन के अनुसार शासकीय विश्वविद्यालयों की बैठक होने के पश्चात निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक ली जाएगी। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, संचालक, राज्यपाल के सचिव एवं अन्य अधिकारी शामिल होंगे।

सफाई वाहनों का विधायक साहू ने किया लोकार्पण

रायपुर 15 जुलाई। नगर पंचायत माना कैंप में आज 15 वें वित्त आयोग मद से वार्डों में सफाई कार्य के लिए खरीदी किये गए नए वाहनों का लोकार्पण एवं पूजन ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू द्वारा किया गया, उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया की इस अवसर पर विधायक साहू द्वारा नगर पंचायत माना कैंप में निर्मित 3 कमरे का लोकार्पण, वृक्षारोपण एवं सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत स्कूली छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर जिला उपाध्यक्ष श्यामा चक्रवर्ती, माना नगर पंचायत उपाध्यक्ष उर्मिला चौहान,मंडल अध्यक्ष रवीन्द्र ठाकुर,पार्षद लोकमाती ठाकुर, अंजू बर्मन, मिथुन मंडल, कांति साहू , संगीता सिंग सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कबाड़ियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

रायपुर 15 जुलाई। राजधानी के कबाड़ियों की उस समय शामत आ गई, जब जिला प्रशासन, नगर निगम और रायपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को ताबड़तोड कार्रवाई को अंजाम दिया. खमतराई और उरला क्षेत्र के कबाडियों से पुराने ट्रक, कार, चारपहिया वाहन के साथ लोहा, स्क्रैप, रॉड, पाइप को जब्त किया, जिनकी कुल कीमत लगभग 7,65,000 रुपए आंकी गई है. अवैध रूप से वाहनों की कटिंग सहित चोरी का लोहा एवं स्क्रैप की खरीदी-बिक्री की घटनाओं के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व एएसपी शहर लखन पटले और अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी देवेन्द्र पटेल के मार्गदर्शन में शनिवार को बिरगाँव नगर निगम आयुक्त, धरसींवा तहसीलदार और नगर निगम की टीम सहित सीएसपी उरला, कोतवाली विधानसभा और राजधानी के तमाम थाना प्रभारी और थानों के बल के 4 अलग-अलग संयुक्त टीम के साथ उरला अनुविभाग अंतर्गत थाना खमतराई व थाना उरला क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित वाहन कटिंग एवं चोरी का लोहा, स्क्रैप का खरीदी-बिक्री का कारोबार करने वाले वाहन कटिंग यार्ड व कबाड़ियों पर छापामार कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान यार्ड संचालकों एवं कबाड़ियों का गुमास्ता एवं यार्ड से संबंधित समस्त दस्तावेज चेक करने

के साथ ही कबाड़ियों के पास अवैध रूप से रखे पुराने ट्रक, कार और अवैध रूप से लोहा, स्क्रैप, लोहे का रॉड, पाइप, वाहनों का कबाड़ कीमती जब्त करने के साथ आधा दर्जन से अधिक यार्ड को सील भी किया गया. थाना खमतराई क्षेत्रान्तर्गत यार्ड संचालक अजीमुद्दीन कुरैशी, थाना उरला क्षेत्र के यार्ड संचालक रमन शाह के अलावा रिंग रोड नम्बर 02 गोंदवारा स्थित यार्ड संचालक आसिफ, रिंग रोड नम्बर 02 गोंदवारा स्थित यार्ड संचालक रफीक, मेटल पार्क उरला रायपुर यार्ड संचालक शहबाज, मेटल पार्क रोड रावांभाठा स्थित यार्ड संचालक बिलाल, मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक शाहीद खान, मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक उस्मान, मेटल पार्क उरला स्थित यार्ड संचालक नईम खान।

वर्षा से कृषि कार्य में आई तेजी,प्रमाणिक बीजों का शतप्रतिशत उठाव

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 15 जुलाई। राज्य में मध्यम व हल्की वर्षा होने के पश्चात अब बोवाई कार्य में तेजी आ गई है। निर्धारित प्रमाणिक बीज का वितरण शत-प्रतिशत हो चुका है। सिंचित क्षेत्रों में जोताई करने की सलाह अधिकारियों ने दी है। राजस्व विभाग के अनुसार अभी भी कई तहसीलों में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है।

कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार राज्य में 48 लाख हेक्टेयर कृषि जमीन है। इसमें से 50 प्रतिशत कृषि योग्य जमीन पर बोवाई का काम चल रहा है। दो दिनों से हो रही वर्षा के कारण बोवाई कार्य में तेजी आई है। कुल चार लाख 81 हजार प्रमाणिक बीज का भंडारण किया गया था जिसमें से चार लाख 13 हजार क्विंटल बीज का उठाव हो

फाईल फोटो

चुका है। कुल 90 प्रतिशत बीज उठाव हो चुका है। खाद का वितरण भी तेजी से किया जा रहा है। शासन द्वारा आठ लाख मीट्रिक टन खाद का भण्डारण किया गया है जिसमें से शत-प्रतिशत खाद का उठाव किया जा चुका है। कृषि विभाग के अनुसार असिंचित क्षेत्रों में धान की बोवाई का कार्य तेजी से चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार जिन क्षेत्र में सिंचाई के साधन हैं वहां पर रोपा लगाने का कार्य भी शुरु हो गया है। पिछले दो दिनों से हुई वर्षा ने किसानों में नई आशा जगाई है। मौसम विभाग के अनुसार खाड़ी में एक सिस्टम बना हुआ है। दोणिका के कारण मध्य छत्तीसगढ़ में वर्षा हो रही है जो कि आगामी कुछ दिनों तक जारी रहेगी। राजस्व विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश में 252 तहसीलें हैं। इनमें से कोरिया, बेमेतरा तथा कवर्धा क्षेत्र की कई तहसीलों में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। राजस्व विभाग में अभी गिरदावरी के लिए कोई निर्देश नहीं दिया है लेकिन वस्तुस्थिति पर नजर रखी जा रही है। राजस्व विभाग के अनुसार सिंचाई विभाग के बांधों एवं जलाशयों में पानी की उपलब्धता की जानकारी मंगाई गई है। कृषि विभाग इस पर निरंतर नजर रखे हुए है। बाजार में भी अब कृषि उपकरणों की मांग बढ़ गई है। वर्तमान में परंपरागत ढंग से खेती करने के बजाय आधुनिक उपकरणों से खेती की जा रही है। पहले पंजाब एवं हरियाणा से मशीनें मंगाई जाती थी। अब यहां पर कई उन्नत किसानों ने इन मशीनों को खरीद लिया है।

डिप्टी सीएम साव गरियाबंद स्वास्थ्य मंत्री बीजापुर के प्रवास पर

रायपुर, 15 जुलाई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज गरियाबंद जिले के प्रवास पर जाएंगे। वे रायपुर के शंकर नगर स्थित नवबोध टॉवर में एचडीएफसी बैंक के उद्घाटन के बाद दोपहर एक बजे गरियाबंद जिले के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर ढाई बजे गरियाबंद के कोपरा में ग्राम कोपरा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर आयोजित अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री साव दोपहर साढ़े तीन बजे कोपरा से नवा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे शाम पांच बजे नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) पहुंचेंगे। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज बीजापुर जिले के दौरे पर रहेंगे। स्वास्थ्य मंत्री प्रदेश के सुदूर और संवेदनशील जिले में पूरा दिन व्यतीत करेंगे जिसके अन्तर्गत जिले के स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति तथा मौसमी एवं जलजनित बीमारियों से निपटने के लिए व्यापक तैयारियों का जायज़ा लेंगे। मंत्री जायसवाल इस दौरान जिला अस्पताल का दौरा भी करेंगे और समीपवर्ती पोटा केबिन छात्रावास का भी निरीक्षण करेंगे। गौरतलब है कि पोटा केबिन में कुछ छात्र मलेरिया से पीड़ित हैं। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ज़िला पंचायत सभागार बीजापुर में बस्तर संभाग के सभी ज़िलों के स्वास्थ्य प्रमुखों (सीएमएचओ,सीएस,डीपीएम) की बैठक भी लेंगे। ज़िला प्रमुखों द्वारा वषा ऋतु की बीमारियों की रोकथाम के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी।

युवक के साथ ठेढ़ लाख की ठगी

रायपुर, 15 जुलाई। राजधानी रायपुर में जांजगीर जिले के एक युवक के साथ ठगी की वारदात हो गई है। आरोपी ने युवक को एनटीपीसी में जूनियर इंजीनियर के पद पर नौकरी लगने के बहाने डेढ़ लाख वसूल लिए। फिर अपना मोबाइल बंद कर घर से फरार हो गया। पूरा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। मनीष कुमार ने शनिवार को राजेंद्र नगर थाने में खद्धक्कदर्ज करवाई। जिसमें पुलिस को बताया कि वह बलौदा थाना जांजगीर का रहने वाला है।

निर्माण की गुणवत्ता और समय-सीमा में काम सुनिश्चित कराने उच्च स्तरीय निगरानी समिति का गठन

रायपुर 15 जुलाई। राज्य शासन ने नगरीय निकायों में निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य पूर्ण कराने तथा परियोजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा के लिए विभागीय उच्च स्तरीय निगरानी समिति (ड्याख्ख्) का गठन किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मंत्रालय से समिति के गठन का आदेश जारी किया है। विभाग ने समिति के कर्तव्यों और समीक्षा की प्रक्रिया निर्धारित करते हुए संबंधितों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और उन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दे रहे हैं। उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठकों में इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित भी किया है।

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा गठित उच्च स्तरीय निगरानी समिति का विस्तार राज्य के सभी नगरीय निकायों में होगा। समिति नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री/भारसाधक मंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेगी। विभागीय सचिव द्वारा सौंपी गई अन्य योजनाओं/परियोजनाओं की समीक्षा भी समिति द्वारा की जाएगी। शासन स्तर पर विभागीय उप सचिव उच्च स्तरीय निगरानी समिति के नोडल अधिकारी और विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (तकनीकी) सहायक नोडल अधिकारी होंगे। संचालनालय स्तर पर अपर संचालक नोडल अधिकारी तथा मुख्य अभियंता सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

सूडा स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी समिति के नोडल अधिकारी और अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी या उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होंगे। निगम स्तर पर नोडल अधिकारी संबंधित आयुक्त, और वरिष्ठतम अभियंता सहायक नोडल अधिकारी होंगे। वहीं क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर संयुक्त संचालक नोडल अधिकारी और कार्यपालन या अधीक्षण अभियंता सहायक नोडल अधिकारी होंगे। नगर पालिका और नगर पंचायत स्तर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नोडल अधिकारी और वरिष्ठतम अभियंता समिति के सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

विभाग द्वारा उच्च स्तरीय निगरानी समिति गठित करने के संबंध में जारी आदेश के अनुसार सूडा द्वारा समिति के लिए ऑनलाइन पोर्टल का निर्माण/व्यवस्था की जाएगी। संचालनालय द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के लिए आवश्यकतानुसार राशि प्रदान की जाएगी। समिति द्वारा सभी परियोजनाओं की समीक्षा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

नगरीय निकायों के नोडल अधिकारी हर 15 दिनों में परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर ऑनलाइन पोर्टल में कार्यवाही विवरण दर्ज करेंगे। नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं में 45 दिनों में संचालनालय/सूडा स्तर पर समीक्षा की जाएगी। नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों की निकाय स्तर पर समीक्षा के बाद हर माह क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर प्रगति की समीक्षा की जाएगी। वहीं नगर निगमों में निकाय स्तरीय समीक्षा के बाद हर महीने संचालनालय/सूडा स्तर पर समीक्षा की जाएगी। शासन स्तर पर उप सचिव द्वारा प्रत्येक तिमाही में प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा की जाएगी। अलग-अलग स्तर के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति का स्थल निरीक्षण भी किया जाएगा।

प्रदेश में मानसून हुआ पूरी तरह से एक्टिव

फाईल फोटो

रायपुर, 15 जुलाई। प्रदेश में मौसम सुहाना हो चुका है। आज प्रदेश के कई जिलों में बारिश के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार, एक दो स्थानों पर वज्रपात की संभावना भी है।

प्रदेश में दक्षिण और उत्तर छत्तीसगढ़ में ज्यादा बारिश हो रही है। मध्य में अभी भी बारिश का इंतजार है। वहीं विभाग ने बिलासपुर, रायपुर और बस्तर संभाग के लिए आज यलो अलर्ट जारी किया गया है। बीते रविवार के प्रदेश की राजधानी और बिलासपुर में झमाझम बारिश हुई है। जिससे लोगों को गर्मी और उमस से थोड़ी राहत मिली है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में आगामी 4 दिनों तक मानसून की एक्टिविटी बढ़ेगी।

प्रदेश में आज भी अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं पिछले 48 घंटे के दौरान कुसमी, अंबिकापुर और कुनकुरी में 90 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। साथ ही छुरा, रामानुजगंज में 70, बलोदा बाजार, बैकुंठपुर में 60, मनोरा, मरवाही, मनेंद्रगढ़, पाटन में 40 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। वहीं, शनिवार को कोरबा जिले के हसदेव बैराज का एक गेट खेतों में पानी की कमी पूरी करने के लिए खोला गया है।

पद्मासन मुद्रा में सवा करोड़ नवकार महामंत्र का जाप

रायपुर 15 जुलाई। छत्तीसगढ़ का परम सौभाग्य है कि राजधानी रायपुर की धरा पर पूज्य श्री विराग मुनि जी की अखण्ड 121 उपवास की तपस्या पूर्वक जारी है । ऐतिहासिक 121 उपवास की तपश्चर्या की अनुमोदना का पूरे देश के श्रद्धालुओं में अपूर्व उत्साह है । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के शहरों व गांव गांव में निवासरत गुरुभक्तों सहित पूरे देश के श्रद्धालुओं ने जैन संत श्री विराग मुनि जी के 121 उपवास तपस्या की अनुमोदना हेतु पद्मासन मुद्रा में 121 नवकार महामंत्र का जाप किया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में अनेक जैन मंदिरों , उपाश्रय , स्थानक भवन , घरों व ट्रेनों में सफर करते हुए

गुरुभक्तों ने श्री विराग मुनि जी की 121 उपवास की तपस्या में एक एक उपवास को स्मरण कर नवकार जाप से अनुमोदना की । महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि देश के अनेक प्रांतों से सामुहिक , पारिवारिक व अकेले में नवकार जाप की जानकारी मिली है । गुरुभक्तों ने श्री विराग मुनि जी के 121 उपवास की कठिन तपस्या की अनुमोदना में सवा करोड़ से ज्यादा नवकार महामंत्र का जाप किया । ट्रस्टी नीलेश गोलछा ने बताया कि अनेक गुरुभक्तों ने घुटनों में प्रॉब्लम की वजह से पद्मासन की जगह अन्य मुद्राओं में नवकार जाप किया । कुछ गुरुभक्तों ने सफर में होने पर ट्रेनों में पद्मासन मुद्रा में नवकार जाप कर श्री विराग मुनि जी के 121 उपवास के दीर्घ तपस्या की अनुमोदना की । अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने परम पूज्य श्री विराग मुनि जी से महामंगलकारी तपस्या के पारणा करने का निवेदन किया , महेन्द्र कोचर ने आगे कहा कि कहा कि नवकार महामंत्र का जाप अति मंगलकारी माना जाता है , जैन संत श्री विराग मुनि जी की 121 उपवास की तपस्या और सवा करोड़ से ज्यादा नवकार जाप छत्तीसगढ़ की 2 करोड़ 30 लाख जनता के लिए सुख समृद्धि , अहिंसा , दया , करुणा , धार्मिक सौहार्द व भाईचारे का सन्देश देगी ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26